* ओड़िशा संस्करण

26 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 276

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

विधानसभा का मानसून सत्र आज से

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जे.बी.वी.एन.एल से
व्हाट्सएप नंबर पर जुड़ें
9431135503

वादा से ज्यादा
आपके लिए करेंगे,
125 नहीं अब
200
यूनिट बिजली मुफ्त देंगे

बिजली की बचत करें,
झारखण्ड को उन्नत करें

मुख्य बिन्दु

- आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क यथा Enargy Charge, Fixed Charge, Electric Duty, FPPPA Charge आदि की छूट 200 यूनिट तक मासिक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी।
- यह योजना जुलाई 2024 के बिलिंग माह से लागू किया जाएगा।
- इस योजना के तहत कुल 45.77 लाख उपभोक्ताओं में से लगभग 41.44 लाख घरेलू उपभोक्ता आच्छादित होंगे।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना हेतु झारखण्ड सरकार प्रतिमाह लगभग ₹350 करोड़ सब्सिडी के रूप में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को उपलब्ध करायेगी।

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R.330764 (IPRD) 24-25

सर्राफा

सोना (बिक्री)	64,800 रु./10 ग्राम
चांदी	87,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in

झारखंड पुलिस की वर्दी पर फिर अपने साथी के खून के छींटे

- रामगढ़ में एएसआइ की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने उठाये कई सवाल
- पलामू और तोपचांची थाना में हुई आत्महत्या की घटनाओं की याद हुई ताजा
- पिछले एक दशक में झारखंड में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी दे चुके हैं जान

झारखंड पुलिस की वर्दी एक बार फिर दागदार हुई है। इस बार रामगढ़ में तैनात एक एएसआइ राहुल कुमार सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने झारखंड पुलिस को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है। इससे पूर्व करीब ढाई साल पहले जनवरी, 2022 में पलामू जिले में तैनात एक इंस्पेक्टर लालजी यादव ने निलंबन के चार दिन बाद ही थाना परिसर में फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। उनसे पहले लगभग इसी तरह की परिस्थिति में 2016 के जून महीने में धनबाद के तोपचांची थाना के तत्कालीन प्रभारी उमेश कच्छप ने थाना परिसर में ही फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। वह भी कुछ दिन पहले अपने थाना क्षेत्र में हुई एक फायरिंग मामले को लेकर तनाव में थे। इन तीनों घटनाओं में वक्त का फासला भले ही आठ साल का है, लेकिन परिस्थितियां लगभग एक जैसी हैं और सभी घटनाओं ने सवाल भी एक जैसे ही छोड़े हैं। राहुल कुमार सिंह के परिजनों की मानें, तो थाना प्रभारी और दूसरे उच्चाधिकारियों द्वारा की जा रही मानसिक प्रताड़ना से वह बेहद परेशान थे और इसी कारण उनकी मौत हुई, जबकि लालजी यादव के परिजनों ने भी कुछ इसी तरह के आरोप लगाये थे। इसी तरह उमेश कच्छप के परिजनों ने भी अधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाये थे। इन तीनों घटनाओं में एक बात समान है कि किसी भी आरोप की जांच तक नहीं हुई। इस तरह अपने ही अधिकारियों की असमय मौत ने झारखंड पुलिस की वर्दी को एक बार फिर दागदार बना दिया है, हालांकि बीच में पुलिसकर्मियों और कनीय अधिकारियों द्वारा आत्महत्या की कई घटनाएं हुई हैं। रामगढ़ की घटना की पृष्ठभूमि में यह जानना जरूरी है कि आखिर कनीय पुलिस अधिकारी इतने तनावग्रस्त क्यों हैं और क्या है झारखंड पुलिस के अफसरों की कार्यशैली। इन सवालों का जवाब दे रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

रामगढ़ पुलिस के एएसआइ राहुल कुमार सिंह की 21 जुलाई को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। वह यातायात थाना रामगढ़ में पदस्थापित थे और रामगढ़-बरकाकाना मार्ग पर बंजारी मंदिर चेक पोस्ट पर तैनात थे। शाम को उन्हें अचानक उल्टी हुई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गये। उन्हें सदर अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। बाद में उनके शव का रिम्स में पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें कहा गया है कि उनकी मौत जहर के कारण हुई। इसके बाद उनकी मौत के कारणों को लेकर कई सवाल उठाये जा रहे हैं। मृत एएसआइ के परिजनों का आरोप है कि इसके पीछे एसपी डॉ विमल कुमार और रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू हैं। इन दोनों की प्रताड़ना के कारण राहुल कुमार सिंह बेहद तनाव में थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद एसपी डॉ विमल कुमार को आनन-फानन में हटा दिया गया है और थानेदार इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू को निलंबित कर दिया गया है।

इस युवा एएसआइ की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत से झारखंड पुलिस की वर्दी एक बार फिर कलंकित हो गयी है। यह पहली बार नहीं है, जब किसी कनीय पुलिस अधिकारी ने मौत को गले लगाया है और उसका आरोप वरीय अधिकारियों पर लगा हो। इससे पहले 2022 के जनवरी में पलामू के नवा बाजार थाने के निलंबित थाना प्रभारी लालजी यादव ने थाना परिसर में ही आत्महत्या कर ली थी। उस घटना के पीछे कहा गया था कि एसपी द्वारा खुद को निलंबित किये जाने के बाद से वह बेहद तनाव में थे। उनके निलंबन का कारण यह था कि उन्होंने डीटीओ द्वारा जब्त वाहनों को थाने में रखने से इनकार किया था। ऐसा ही आरोप लालजी यादव के परिजनों ने पलामू पुलिस के उच्चाधिकारियों के सामने भी लगाया था। लालजी यादव 2012 बैच के दारोगा थे और उनके बारे में कहा जाता था कि वह तेज-तर्रार छवि के थे और गलत कार्यों का हमेशा विरोध करते थे। आम लोग उनका बेहद सम्मान करते थे। उन्हें अपने ही विभाग के कुछ अधिकारियों ने इतना प्रताड़ित किया कि वह तनाव में आ गये और आत्महत्या कर ली।

पलामू की घटना से पहले 17 जून, 2016 को धनबाद जिले के तोपचांची थाना के तत्कालीन प्रभारी उमेश कच्छप ने भी आत्महत्या कर ली थी। उमेश कच्छप अपने थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले हुई फायरिंग की एक घटना के बाद से तनाव में थे। उस घटना में वह खुद शामिल नहीं थे, लेकिन कुछ आइपीएस उन पर मनमाफिक रिपोर्ट बनाने के लिए दबाव डाल रहे थे। कहा जाता है कि फायरिंग की वह घटना जीटी रोड पर अवैध वसूली के क्रम में हुई थी, जिसमें एक डीएसपी ने एक ट्रक ड्राइवर को गोली मार दी थी। उमेश कच्छप पर डीएसपी को बचाने के लिए दबाव डाला जा रहा था, जिसके कारण वह बेहद तनाव में थे।

उठ रहे हैं कई सवाल

इन तीनों घटनाओं में बहुत कुछ एक जैसा है और राहुल कुमार सिंह की रहस्यमय मौत ने लगभग वही सवाल खड़े किये हैं, जो लालजी यादव और उमेश कच्छप की मौत ने उठाये थे। आखिर ईमानदार और तेज-तर्रार छवि के कनीय पुलिस अधिकारियों पर इतना तनाव हावी कैसे हो जाता है। क्या पुलिस महकमे में कुछ अधिकारी वाकई ऐसे हैं, जो अपनी चमड़ी बचाने के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं।

मानव मनोविज्ञान कहता है कि कोई इंसान अपनी जान तभी लेता है, जब उसे यह विश्वास हो जाता है कि उसके सामने के सारे विकल्प खत्म हो गये हैं। ऐसा व्यक्ति किसी एक कारण या घटना से प्रभावित नहीं होता, बल्कि यह उसके लिए तात्कालिक कारण हो सकता है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि प्रतिष्ठा या इज्जत पर आंच आती देख भी कई लोग इतने अधिक तनावग्रस्त हो जाते हैं कि वे आत्महत्या कर लेते हैं या फिर उनकी जान चली जाती है। राहुल कुमार सिंह, लालजी यादव और उमेश कच्छप की मौत के पीछे यही प्रत्यक्ष कारण नजर आता है।

किसी भी मामले की जांच का नतीजा सामने नहीं आया

यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर राहुल कुमार सिंह, लालजी यादव और उमेश कच्छप इतने तनावग्रस्त क्यों थे। उनकी मौत की असली वजह क्या थी। विडंबना यह है कि इन सभी मामलों की जांच का नतीजा कभी सामने नहीं आया। न ही परिजनों के आरोपों के बारे में कभी कोई आधिकारिक बयान आया और न ही मामले की जांच रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई हुई। रामगढ़ की घटना के बाद एसपी का तबादला और थानेदार को निलंबित तो किया गया, लेकिन क्या राहुल कुमार सिंह की मौत की असली वजह दुनिया के सामने आयेगी, यह सवाल आज सभी पूछ रहे हैं।

पुलिसकर्मियों में बढ़ रहा है तनाव

झारखंड पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि बीते एक दशक के दौरान तनाव के कारण पुलिसवालों में आत्महत्या या शारीरिक-मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की प्रवृत्ति बढ़ी है। पुलिसकर्मियों पर मानसिक और पारिवारिक तनाव इस कदर हावी है कि वे न तो अपनी अस्वस्थता पर ध्यान दे पाते हैं और न ही अपनी जान लेने से पीछे हट रहे हैं। इसकी मुख्य वजह प्रशासनिक दबाव, परिवारिक विवाद, मानसिक तनाव और प्रेम प्रसंग को माना जा सकता है, क्योंकि कई ऐसे मामले भी सामने आये हैं, जिनमें काम के दवाब और प्रेम में असफल होने के कारण भी पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या की है।

इसका मतलब यह है कि पुलिस की कार्यशैली में ही कुछ कमी है, जिसके कारण पुलिसकर्मी तनाव में आ जाते हैं। राज्य पुलिस में चार साल पहले 2020 में एक सम्मान अभियान चलाया गया था, जिसका मकसद पुलिसकर्मियों की समस्याओं का निदान करना था। उसके बाद ही आठ घंटे और सप्ताह में छह दिन की ड्यूटी का प्रावधान सख्ती से लागू करने का फैसला किया गया था। पुलिसकर्मियों के मानसिक तनाव को दूर करने के लिए उनकी काउंसिलिंग की भी व्यवस्था की गयी थी, लेकिन पुलिस अपनी कार्यशैली बदलने और आत्ममंथन के लिए तैयार नहीं हुई, जिसका नतीजा यह हुआ कि तमाम उपाय बेकार साबित हो गये।

इतना तय है कि एएसआइ राहुल कुमार सिंह की रहस्यमय मौत के बाद झारखंड पुलिस के निचले स्तर के अधिकारियों में यह प्रवृत्ति खत्म नहीं होगी। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सबसे पहले पुलिस को खुद को बदलना होगा। अपने ही वरीय अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव बनाने और राजनीतिक-प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्रवाई करने की प्रवृत्ति पर तत्काल सख्ती से रोक लगानी होगी। अधिकारियों को समझना होगा कि ऊपर से लेकर नीचे तक के खाकी वर्दी वाले एक टीम के सदस्य हैं और किसी के रैंक से उसकी काबिलियत नहीं आंकी जा सकती। जब तक ऐसा नहीं होगा, रामगढ़ जैसी वारदात होती रहेगी और झारखंड पुलिस की वर्दी पर अपने ही साथियों के खून के छींटे पड़ते रहेंगे।

नीट पेपर लीक मामले की जांच करने फिर हजारीबाग पहुंची सीबीआइ टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। नीट पेपर लीक मामले की जांच को लेकर सीबीआइ की टीम एक बार फिर से गुरुवार को झारखंड के हजारीबाग पहुंची। तीन वाहनों से पहुंची सीबीआइ की टीम ने ओएसिस स्कूल और स्टेट गेस्ट हाउस को खंगाला। टीम सबसे पहले दो संदिग्धों को लेकर गेस्ट हाउस से निकली। कुछ देर के बाद तीसरे संदिग्ध को भी यहां से ले जाया गया। इस दौरान सीबीआइ को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। सीबीआइ टीम कुछ दिन पहले भी जांच के लिए स्टेट गेस्ट हाउस पहुंची थी और जांच के बाद उसे सील कर दिया था। गुरुवार को सील खोलकर सीबीआइ टीम गेस्ट हाउस में दाखिल हुई। जांच के दौरान टीम के करीब 12 सदस्य मौजूद थे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पटना से भी टीम के साथ पुलिस आयी थी। इस दौरान सीबीआइ अपने साथ तीन संदिग्धों को लेकर आयी थी। सूत्रों ने बताया कि इसमें एक मुख्य आरोपित पंकज है, दूसरा गेस्ट हाउस का मालिक राजू है। तीसरा व्यक्ति प्रश्न पत्र का सॉल्वर है। करीब तीन घंटे तक सीबीआइ गेस्टहाउस को खंगालती रही। इस दौरान फॉरेंसिक टीम भी उनके साथ थी।

जांच के बाद गेस्ट हाउस फिर सील : जांच के बाद सीबीआइ ने गेस्ट हाउस को फिर से सील कर दिया है। सील किये गये दस्तावेजों पर बीपी राजू, अपर अधीक्षक साइबर अपराध जांच प्रभाग सीबीआइ नई दिल्ली लिखा हुआ है। बुधवार को भी सीबीआइ टीम जांच के लिए हजारीबाग के मंडी रोड स्थित ओवैसी स्कूल पहुंची थी। उस दौरान भी वही दो संदिग्ध टीम के साथ थे।



नीट का रिवाइज्ड स्कोर कार्ड जारी 4.20 लाख छात्रों के 5-5 अंक घटे

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षार्थी neet.ntaonline.in व exams.nta.ac.in/NEET पर परीक्षार्थी एप्लीकेशन नंबर व डेट ऑफ बर्थ डालकर नया स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। प्रश्न नंबर 19 के दो उत्तरों की बजाय एक उत्तर संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से करीब 4.20 लाख अभ्यर्थियों के 5-5 अंक घटाए गए हैं। इससे लाखों स्टूडेंट्स की रैंकिंग में बदलाव हुआ है। नीट के जरिए ही देश के तमाम मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस और अन्य विभिन्न अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में दाखिला होता है। इसके अलावा मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के लिए भी अभ्यर्थी नीट यूजी परीक्षा के मार्क्स के जरिए आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विस हॉस्पिटल के बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे।
अब नीट यूजी काउंसलिंग की प्रक्रिया आज या कल से शुरू हो सकती है। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) चार राउंड में नीट यूजी काउंसलिंग 2024 आयोजित करेगी। सरकार ने कहा है कि अगर कोई उम्मीदवार किसी भी तरह के फर्जीवाड़े में लिप्त पाया जाता है तो काउंसलिंग प्रक्रिया से उसे बाहर कर दिया जाएगा। न सिर्फ काउंसलिंग के दौरान बल्कि उसके बाद बाद भी उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। नीट यूजी काउंसलिंग 2024 प्रक्रिया के बारे में बताते हुए केंद्र ने कहा कि छात्रों को पहले और दूसरे राउंड में उनके द्वारा चुने गए प्रेफरेंस के अनुसार सीटें बदलने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे में यदि तीसरे दौर से पहले सीटें रद्द कर दी जाती हैं, तो इसका ओवरऑल काउंसलिंग और सीट अलॉटमेंट पर कोई असर नहीं पड़ेगा। नीट काउंसलिंग का तीसरा राउंड सितंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है।

सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में उठाया मामला

पुरुष को बना दिया मां, एक महिला का 12 प्रसव कराया

डकार गये 50 लाख रुपये, हो सीबीआइ जांचः दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान झारखंड में जननी सुरक्षा योजना में किये गये घोटाला से संबंधित सवाल पूछे। श्री प्रकाश ने कहा कि एक ऐसे राज्य से आता हूं, जो खनिज पदार्थों से आच्छादित है। खनिज पदार्थों के मामले में राज्य बहुत अमीर है, परंतु निवासी गरीब हैं। झारखंड में जब-जब कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनती है, तब-तब झारखंड अजीबोगरीब किस्म की कारनामे करता है। कांग्रेस और झामुमो की सरकार ने झारखंड के खनिज पदार्थ बालू, कोयला, पत्थर सहित अन्य खनिज पदार्थों को दोनों हाथों से खुल कर लूटा है। इस बार इंडी गठबंधन की सरकार ने विज्ञान को भी धत्ता बता कर सरकार के संरक्षण में पुरुषों को भी प्रसव कराया है और मां बनाया है। उन्होंने कहा कि यह कारनामा कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग ने कर दिखाया है। कोडरमा के स्वास्थ्य विभाग ने हैरतअंगेज कारनामा करते हुए एक ही दिन में एक महिला का आठ से 12 प्रसव दिखाया और 50 लाख रुपये से ज्यादा राशि निकाल ली। ताज्जुब तो इस बात की है कि पुरुषों को भी मां बना दिया गया है। उनके नाम पर भी संस्थागत प्रसव दिखा कर पैसे निकाले गये हैं। झारखंड में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकार महिलाओं को 1400 रुपये की प्रोत्साहन राशि देती है। कोडरमा के सतगावां सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद मिलनेवाला 1400 रुपये पुरुषों और महिलाओं के खाते में डाल दिया गया। एक ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 लाख रुपये की हेराफेरी की गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से कहना चाहता हूं कि इस केस की जांच सीबीआइ से करायी जाये, ताकि इस बड़े घोटाले को सामने लाया जा सके।

गलतफहमी पाल कर कितने दिन सीएम बंद रखेंगे आंखेंः बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गलतफहमी पाल कर कितने दिन आंखें बंद रखेंगे। उठिये, जागिये महाराज, देखिये आपके पीछे अब कोई नहीं बचा है। थोड़ी सी भी मर्यादा और इंसानियत बची हो, तो नामजद सहायक पुलिसकर्मियों का नाम एफआइआर से वापस लें। चाहे आप अपनी हड्डियों का बचा पूरा दम भी क्यों न लगा लें। अधिकारों के मिलने तक, मांगों के पूरा होने तक यह संघर्ष अनवरत चलता रहेगा, यह बिगुल हरदम बजता रहेगा।

बाबूलाल मरांडी गुरुवार को एक्स पर लिखा कि हेमंत सोरेन जी, आपने तो जमानत पर जेल से छूटने के बाद चंपाई सोरेन की घोषित 40 हजार नौकरियों में 25 प्रतिशत कटौती कर के 30 हजार नौकरियां देने की बात कही, लेकिन अब तो प्रतिदिन दनादन परीक्षाएं स्थगित की जा रही हैं। इस आपाधापी की वजह क्या है।

क्या आयोग ने सरकार के दबाव में अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा की तिथि घोषित कर दी थी। उन्होंने कहा कि वजह चाहे जो भी हो, एक बात तो स्पष्ट है कि आपमें झारखंड के युवाओं को नौकरी देने की नीयत नहीं है। आपकी मंशा सरकारी नौकरियों के पदों को बाहरी हाथों में बेच कर अवैध रूप से उगाही करने की है। झारखंड के युवाओं को आप जैसा घोषणावीर मुख्यमंत्री नहीं चाहिए। कुछ महीने और प्रतीक्षा करिये, युवा आपकी इस धूर्तबाजी को हमेशा के लिए बंद कर राजनीतिक रूप से बेरोजगार कर देंगे।

सत्ता में बैठ गये, लेकिन स्वार्थपट्टी बंधी है

बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि जहां पहले अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ता है, फिर लाठी खानी पड़ती है और अंत में मुख्यमंत्री के आदेश पर झूठी एफआइआर भी लिखी जाती है। वैसे तो मुख्यमंत्री के लिए उनकी आलोचना करना पूरे आदिवासी समाज की आलोचना करने के बराबर है, परंतु जब बात खुद सत्ता में बैठ कर आदेश देने की आती है। लोगों पर एफआइआर कराने की आती है, तो महोदय को आदिवासी समाज नहीं दिखता है। उन्होंने लिखा कि नामित नामों को देखें, तो 18 में से लगभग 11 से 12 नाम आदिवासी भाई-बहनों के हैं और अभी 1500 अज्ञात लोगों में से न जाने और कितने आदिवासी भाई-बहनों के नाम सामने आने बाकी हैं। आदिवासी समाज का आवरण ओढ़ कर झूठ फरेब की राजनीति करके मुख्यमंत्री सत्ता में तो बैठ गये हैं, लेकिन आज भी उनकी आंखों में स्वार्थरूपी पट्टी बंधी है, वो आज भी आदिवासी समाज के लोगों को सिर्फ अपना वोट बैंक समझते हैं। उन्हें यह भ्रम है कि आदिवासी समाज पर वह चाहे कितने भी जुल्म करें, कितना भी अत्याचार करें, आदिवासी समाज उनके साथ खड़ा है।

पांच जिलों के आंदोलनकारियों को मिलेगी बकाया पेंशन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड अलग राज्य के गठन के लिए आंदोलन करनेवाले आंदोलनकारियों को बकाया पेंशन का भुगतान किया जायेगा। यह बकाया पेंशन रांची, जामताड़ा, लातेहार, चतरा और गढ़वा जिले के आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को मिलेगा। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को तीस लाख की राशि आवंटित की है। इसको लेकर गृह सचिव ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित जिले के डीसी भुगतान से पूर्व सुनिश्चित करेंगे कि राज्य सरकार की ओर से चिह्नित आंदोलनकारियों को राशि का भुगतान किया जाये। जिन जिलों के लिए राशि आवंटित की गयी है, उसमें जामताड़ा के लिए 11.45 लाख, लातेहार के लिए 3.54 लाख, चतरा के लिए 9.97 लाख, गढ़वा के लिए 1.16 लाख और रांची के लिए 3.91 लाख शामिल है।

www.epaper.azadsipahi.in

26 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 276

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

मोहन माझी ने सरकार का पहला बजट पेश किया

हाइकोर्ट ने राज्य और केंद्र से पूछा

आदिवासियों का धर्मांतरण किन-किन जिलों में हो रहा है

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में आदिवासियों के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा है कि झारखंड के किन-किन जिलों में ट्राइबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है और कितनों को धर्मांतरित किया गया है। साथ ही इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त निर्धारित की गयी है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड में धड़ल्ले से ट्राइबल्स लोगों का दूसरे धर्म में धर्मांतरण हो रहा है। ट्राइबल्स का धर्मांतरण क्यों हो रहा है, उसके लिए एक जांच कमेटी का गठन सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में भी धर्मांतरण से संबंधित मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए देश की राज्य सरकारों और केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

खनिजों की रॉयल्टी वसूलने के मामले में आया फैसला

राज्यों को रॉयल्टी लेने का हक : सुप्रीम कोर्ट

- नौ जजों की संविधान पीठ ने मामले पर की सुनवाई
- 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को झटका देते हुए कहा है कि राज्यों के पास संविधान के तहत खदानों और खनिज वाली भूमि पर रॉयल्टी वसूलने का विधायी (कानूनी) अधिकार है। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया कि खनिजों के बदले दी जानेवाली रॉयल्टी कर नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी और पीठ के सात न्यायाधीशों की ओर से फैसला पढ़ते हुए कहा कि संसद के पास संविधान की सूची दो की प्रविष्टि 50 के तहत खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है। संविधान की सूची-।। की प्रविष्टि 50 खनिज विकास से संबंधित नियमों और खनिज अधिकारों पर करों से संबंधित है।

संविधान पीठ में नौ जज थे

संविधान पीठ प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के साथ अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति जार्ज मसीह और न्यायमूर्ति नागरत्ना शामिल थे। इनमें से जस्टिस बीवी नागरत्ना की बाकी जजों से अलग राय थी। बीवी नागरत्ना का मनना है कि राज्यों को टैक्स वसूलने का अधिकार नहीं देना चाहिए। इससे इन राज्यों में कॉम्पिटिशन बढ़ेगा। बहुमत के फैसले को पढ़ते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय संविधान पीठ का 1989 का फैसला गलत है, जिसमें कहा गया था कि रॉयल्टी एक कर है।

झारखंड समेत कई राज्यों को फायदा

शीर्ष अदालत के इस फैसले से खनिजों के मामले में समृद्ध ओड़िशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों को बड़ा फायदा होगा। अब इस मामले में बुधवार को फिर सुनवाई होगी, जिसमें अदालत यह विचार करेगी कि इस फैसले को बीते दिनों से लागू किया जाये या फैसले के बाद से लागू किया जाये।

दरअसल, अलग-अलग राज्य सरकारों और खनन कंपनियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में 86 याचिकाएं पहुंची थीं। कोर्ट को तय करना था कि खनिजों पर रॉयल्टी और खदानों पर टैक्स लगाने का अधिकार राज्य सरकार को होना चाहिए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में आठ दिन तक चली सुनवाई में केंद्र ने कहा था कि राज्यों को यह अधिकार नहीं होना चाहिए। अदालत ने 14 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

राष्ट्रपति भवन के दरबार और अशोक हॉल का नाम बदला

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के दो हॉल का नाम बदलने का एलान किया है। अब से दरबार हॉल को गणतंत्र मंडप और अशोक हॉल को अशोक मंडप के नाम से जाना जायेगा। राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन के परिवेश में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और प्रकृति झलक दिखायी दे, इसलिए दोनों हॉल के नाम बदले गये हैं।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2024

Empowering students for a brighter future

M.Tech in Power System & Power Electronics

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC & AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes

NIRF INDIA RANKINGS 2023
- 15th Best in University Category
- 27th Best in Engineering Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2024
- Ranked in QS World Rankings 2024
- Ranked in Times World Rankings 2024

A monthly stipend will be provided to M.Tech students for a maximum period of two years

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

विधानसभा का मानसून सत्र आज से

2 अगस्त तक चलेगा सत्र, छह दिन होगी बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। सत्र 2 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान छह बैठकें होंगी। इसे लेकर विधानसभा, विभाग और प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। विधानसभा अध्यक्ष ने बुधवार को सत्र को लेकर

अधिकारियों के साथ बैठक की थी। वहीं, गुरुवार को विधायक दल के नेताओं के साथ बैठक की। इसमें सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए विचार किया गया। सत्र के पहले दिन यानी शुक्रवार को शपथ और शोक संदेश की कार्यवाही होगी। शनिवार और रविवार को बैठक नहीं है। सोमवार से मानसून सत्र विधिवत शुरू होगा, जो शुक्रवार तक चलेगा।

सत्ता पक्ष के विधायकों की हुई बैठक: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। इसमें सत्र के दौरान विपक्ष के हर सवालों का जवाब देने और सत्र को लेकर अन्य बातों पर विचार किया गया।

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)

ADMISSION
OPEN FOR 2024-25

ANM — Auxiliary Nurse and Midwife
GNM — General Nursing and Midwifery

Our Facilities
- PLACEMENT ASSISTANCE
- SCHOLARSHIP
- SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
- MESS
- TRANSPORT
- FEE INSTALLMENT FACILITY
- SMART CLASSROOM
- ADVANCE LAB & LIBRARY

Indian Nursing Council (INC) Approved

Enroll Now

9031231082, 6205145470, 9334645053

Irba, Ranchi-835219(Jh) www.florenceinstriba.com fsnirba@gmail.com

विधायक जेपी पटेल और लोबिन हेंब्रम की सदस्यता रद्द

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा छोड़ कांग्रेस के टिकट पर हजारीबाग से चुनाव लड़नेवाले विधायक जेपी पटेल के साथ पार्टी लाइन के खिलाफ चुनाव लड़नेवाले विधायक लोबिन हेंब्रम की सदस्यता रद्द कर दी गयी है। स्पीकर कोर्ट ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। दोनों विधायकों की सदस्यता रद्द 26 जुलाई से मानी जायेगी। लोबिन हेंब्रम और जेपी पटेल के दलबदल मामले की सुनवाई स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में बुधवार को पूरी हो गयी थी। स्पीकर ने लगातार दो दिन दोनों पक्षों को सुना और बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977

झारखण्ड सरकार



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

समस्त झारखण्डवासियों को
75वां वन महोत्सव, 2024
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।

हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा से प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक लगता रहे।

अब, हमारे लिए अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

जोहार!

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 330711 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in

चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ियों ने जीते चार गोल्ड और एक सिल्वर

रांची (आजाद सिपाही)। गाड़ीखाना चौक के पास चतरा राइफल क्लब के खिलाड़ियों ने डीएवी कलस्टर चैंपियनशिप में रांची, बोकारो और खूंटी के डीएवी के खिलाड़ी निशानेबाज ने भाग लिया। इसमें चतरा राइफल क्लब के खिलाड़ियों ने एयर राइफल इवेंट में यशिका किंगर टीम में गोल्ड और सिल्वर मेडल और मानाया कुमारी डबल गोल्ड मेडल, अदिति मंडल गोल्ड और सिल्वर मेडल के साथ माता पिता का नाम रौशन किया। वहीं कोच नीतीश ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। जोनल चैंपियनशिप की तैयारी की बारे में जानकारी भी दी।

बीएयू में रिटायर की संविदा पर नियुक्ति होगी

रांची (आजाद सिपाही)। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए अवकाशप्राप्त लोगों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। राज्य सरकार, केंद्र सरकार, लोक उपक्रमों और कृषि विश्वविद्यालयों की सेवा से रिटायर 62 वर्ष तक की उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के नियंत्रक वित्त प्रमुख पद के लिए न्यूनतम योग्यता बी कॉम डिग्री या समकक्ष डिग्री, चार्टर्ड अकाउंटेंट या कास्ट अकाउंटेंट के रूप में अनुभव या राज्य-केंद्र सरकार की अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा पास होना चाहिए। साथ ही सरकारी या अर्द्ध सरकारी संस्थान में न्यूनतम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी करने की मांग

रांची (आजाद सिपाही)। अमित शाह के खिलाफ बयान देने से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज केस में सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में रांची की एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट ने राहुल गांधी के विरुद्ध समन जारी किया था, लेकिन अब तक वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। गुरुवार को नवीन झा की ओर से उपस्थित अधिवक्ता विनोद साहू ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी किया जाये। राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने केस दायर किया था, जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि मार्च 2018 को उन्होंने कांग्रेस महाधिवेशन के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की छवि धूमिल की है। राहुल के खिलाफ भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले को लेकर अवमानना का केस रांची और चाइबासा में किया गया था।

ट्राइ के आउटरीच कार्यक्रम में दी गयी उपभोक्ता हितों की जानकारी

रांची (आजाद सिपाही)। ट्राइ का महत्वपूर्ण उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ता जागरूकता पैदा करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ट्राइ उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम उपभोक्ता संगठनों के क्षमता निर्माण पर कार्यशालाएं और उपभोक्ता हितों के संरक्षण के मुद्दों पर सेमिनार का आयोजित करता है। इसी कड़ी में ट्राइ क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता ने गुरुवार को होटल डॉल्फिनो रिसॉर्ट ओकनी देवी मंडप ओकनी रोड, हजारीबाग में सीओपी का आयोजन किया, ताकि जनता को उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए ट्राइ द्वारा की गयी विभिन्न पहलों से अवगत कराया जा सके। कार्यक्रम में आम जनता, विशिष्ट अतिथियों के अलावा सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर यूसीइटी वीबीयू के निदेशक डॉ एके साहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और देव शंकर, निदेशक दूरसंचार विभाग सम्मानित अतिथि थे। निदेशक डॉ एके साहा ने हजारीबाग के स्थानीय लोगों के लाभ के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम की व्यवस्था करने में ट्राइ द्वारा किये गये प्रयास की सराहना की। उन्होंने हजारीबाग क्षेत्र में अच्छी मोबाइल कनेक्टिविटी के महत्व पर प्रकाश डाला। देव शंकर ने आम उपभोक्ताओं के लाभ के लिए इस तरह के उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने साइबर संबंधी जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में निलय दत्ता, संयुक्त सलाहकार आशिम दत्ता समेत अन्य मौजूद थे।

कोलकाता की तर्ज पर होगी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था कोलकाता की तर्ज पर विकसित की जायेगी। गुरुवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने रांची शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के मद्देनजर समीक्षा की। रांची में सड़क सुरक्षा-यातायात व्यवस्था के लिए विस्तृत समीक्षा की। यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पुलिसकर्मियों की उपलब्धता और आवश्यकता पर जोर देते हुए कोलकता महानगर की तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने के प्रस्ताव पर लिये गये निर्णय की समीक्षा की गयी। रांची में कोलकता महानगर की तर्ज पर यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गृह रक्षा वाहिनी से सहयोग के लिए निर्देशित किया। इस संबंध में अन्य शहरों में यातायात व्यवस्था के अध्ययन के लिए भेजी गयी त्रिस्तरीय कमेटी के ने भी प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के दौरान सभी ट्रॉफिक पोस्ट को सुविधायुक्त बनाने, पानी की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं देने का प्रस्ताव रखा। पोस्ट में लगभग 10 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था करने, दरवाजा और खिड़की, फॉल्स सीलिंग, इलेक्ट्रिकल फिटिंग जैसे लाइट, पंखा और एग्जॉस्ट फैन पर्याप्त संख्या में प्रस्तावित हैं। बैठक में डीजीपी अजय कुमार सिंह, डीजी प्रशांत सिंह, एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक, आइजी मुख्यालय मनोज कौशिक, आइजी प्रोविजन पंकज कंबोज, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और अन्य पदाधिकारियों मौजूद थे।

61 प्रखंडों में नये बीडीओ की तैनाती, सोमनाथ बनर्जी रातू, रेणु कुमारी मांडर बीडीओ बनी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने 61 प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। चंद्र देव प्रसाद को चंदवारा का बीडीओ बनाया गया है नूपुर कुमारी को कटकमसांडी, अमित कुमार को गुमला सदर, कुंदन भगत को मोहनपुर, रंजीत कुमार सिंह को दुल्लामी कमलेश कुमार सिंह को शिकारी पाड़ा, संजय सैंडल लिखो बेरमो रितिक कुमार को मांडू, बरुण कुमार को कुरडेग, रेणु कुमारी को मांडर, हारून रशीद को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, दयानंद प्रसाद जायसवाल को महुआडांट सत्यम कुमार को विष्णुगढ़, शक्ति कुंज को रायडीह, संदीप कुमार को मनिका, सोमनाथ बनर्जी को रातू, ज्ञान मनी एक्का को करसाई मोहम्मद आमिर हमजा को जामा, विजय प्रकाश मरांडी को नाला, अनिल कुमार को तीसरी, प्रभाष चंद्र दास को जलडेगा, विवेक कुमार को इचाक, सुमित कुमार मिश्रा को केरदारी अमित कुमार पासवान को चंदवा, प्रवीण कुमार को रामगढ़ पलामू,अभिषेक पांडे को प्रतापपुर चतरा, कामेश्वर बेदिया को ओरमांझी, प्रदीप कुमार दास को पकरटांड, शैलेंद्र कुमार चौरसिया को बगोदर, अजय कुमार वर्मा को डुमरी, पप्पू रजक को हंटरगंज, अमल जी को पालोजोरी अमरीन डांग को रंका, कीकू महतो को कुंदा, देवानंद राम को देवघर सदर, सुनील वर्मा को हाट गम्हरिया मनोरंजन कुमार को पथारगढ़ मनोज कुमार तिवारी को डंडई, ललित प्रसाद सिंह को झिकपानी अपनी संजय कुमार को पदमा,आकांक्षा कुमारी को गोड्डा सदर, श्रीमती कनक को बुंडू, विवेक किशोर को सरायकेला खरसावां कुकडु, संतोष कुमार महतो को गैरो, हरिशंकर बारीक को विश्रामपुर, अखिलेश कुमार को मझियाओं, संतोष कुमार चौधरी को बरियातू,अशोक कुमार चोपड़ा को मनातू, मनोज कुमार गुप्ता को राहे, विजय कुमार को हरिहरगंज संतोष कुमार को नौडीहा बाजार, चंदन प्रसाद को दारू ठाकुर गौरी शंकर शर्मा को लोहरदगा सदर, निखिल गौरव कमल कश्यप को खुंटपानी विशाल कुमार पांडे को टुंडी, अन्वेषको चांडिल, मनीष कुमार को धुरकी,अजय कुमार दास को चिनिया, मनीष कुमार को नामकुम रांची का प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया है।

हाइकोर्ट के नये भवन की पार्किंग में जलजमाव से कोर्ट नाराज

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हाइकोर्ट ने पार्किंग और अन्य जगहों पर जलजमाव पर नाराजगी जतायी है। नये हाइकोर्ट बिल्डिंग से संबंधित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गुरुवार को आदेश दिया कि झारखंड हाइकोर्ट परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

इंस्टॉल किया जाये। इसको लेकर अदालत ने राज्य सरकार को भी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि लंबे अरसे से हाइकोर्ट के नये परिसर के निर्माण की मांग हो रही थी। इतनी बड़ी रकम से बड़े प्रोजेक्ट के निर्माण पूरे होने के बावजूद अगर इस तरह जलजमाव का सामना करना पड़ रहा है, तो यह निराशा जनक है। मामले की अगली सुनवाई अगस्त माह में होगी। तेज बारिश के बाद हाइकोर्ट की पार्किंग में जलजमाव होने के कारण कई गाड़ियां डूब गयी थीं। बता दें कि पार्किंग में पानी इतना ज्यादा था कि नगर निगम की कई गाड़ियां बुलाकर पानी सुखवाया गया, तब जाकर वकीलों की गाड़ियां निकलीं।

विजय दिवस मशाल रैली निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बूटी मोड़ शहीद स्मारक से बूटी मोड़ शिवाजी की प्रतिमा तक कारगिल विजय दिवस मशाल रैली का आयोजन किया। इससे पूर्व कारगिल युद्ध में अपनी सेवा देने वाले कर्नल बीरेंद्र सिंह, संजीत सिंह, रामवृक्ष तिवारी, सुधीर सिन्हा को अंगवस्त्र और देश का तिरंगा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा कि हम विजय मशाल रैली के माध्यम से लोगों के बीच में सेना का गुणगान कर रहे हैं। कार्यक्रम में वरुण साहू, रूपेश सिन्हा, बलराम सिंह, जीतेंद्र सिंह पटेल, देवराज सिंह, रिधिराज, विवेकानंद जयसवाल मौजूद थे।

क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने अमित शाह से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। अमित शाह से मिलने के बाद उनकी राजनीति में एंट्री को लेकर अटकलें तेज हो गयी हैं। दरअसल, गुरुवार को इस पूर्व क्रिकेटर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की और एक पुस्तक भेंट की। इसके बाद से चर्चा है कि सौरव तिवारी जल्दी ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं। बता दें कि इसी साल

झारखंड में विधानसभा का चुनाव होना है। इससे पहले उनकी अमित शाह से मुलाकात को उनकी राजनीति में आने का संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

डीएसपीएमयू में डिजिटल इनिशिएटिव पर वर्कशॉप आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड द्वारा डिजिटल इनिशिएटिव पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चंपाई सोरेन, मंत्री, उच्च और तकनीकी शिक्षा, झारखंड, राहुल कुमार पुरवार, प्रधान सचिव, उच्च और तकनीकी शिक्षा, झारखंड, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और अन्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि चंपाई सोरेन, मंत्री, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड ने अपने संबोधन

में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम डिजिटल इनिशिएटिव की समग्रता के विषय में और स्वागत संबोधन करते हुए उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कई सारी योजनाएं क्रियान्वित की गयी हैं। इसके पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत संजय कुमार राकेश, एमडी, सीएससी, एसपीवी द्वारा डिजिटल रेगुलेशन इन एजुकेशन की विस्तृत व्याख्या की गयी। प्रथम सत्र में उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड और राज्य के विश्वविद्यालयों के मध्य कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। इसके उपरांत दूसरे तकनीकी सत्र में विभाग के उप निदेशक डॉ अनमोल कुमार लाल द्वारा पे फिक्सेशन पोर्टल और डॉ धनंजय कुमार सिंह के द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पर विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ शुचि संतोष बरवार और धन्यवाद ज्ञापन विभाग के उप निदेशक डॉ धनंजय कुमार सिंह के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड के अवर सचिव सैय्यद रियाज अहमद, राम निवास यादव, निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, झारखंड, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और कर्मी मौजूद थे।

आयशर-टीएमटीएल ने फायर फाइटिंग कॉन्ट्रैक्टर्स की बैठक आयोजित की

रांची (आजाद सिपाही)। टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने आज होटल कैपिटल हिल, रांची में फायर फाइटिंग कॉन्ट्रैक्टर्स सम्मेलन का आयोजन किया। आयशर -टीएमटीएल डीजल इंजन, ट्रैक्टर और जेनसेट के अग्रणी निर्माताओं में से एक है। टीएमटीएल ने अपने फायर फाइटिंग एप्लीकेशन इंजिनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आयशर-टीएमटीएल 12 एचपी से 160 एचपी की रेंज में एयर कूल्ड और वॉटर कूल्ड दोनों संस्करणों में डीजल इंजन बनाती है। अग्निशमन इंजनों की सभी रेंज आयशर-टीएमटीएल अधिकृत डीलर मेसर्स एली मशीन टूल्स, डॉ फतेउल्लाह रोड, रांची में उपलब्ध है। बैठक की अध्यक्षता कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके सिन्हा ने की। आरएम धीरज कुमार ने कंपनी का बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन टीएमटीएल के क्षेत्र प्रभारी सुनील कुमार ने दिया।

विश्व आइवीएफ दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अंकुरम आइवीएफ ने गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम के तहत विश्व आइवीएफ दिवस और विश्व भ्रूण विज्ञान दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अंकुरम आइवीएफ के विशेषज्ञ डॉ रूही श्रीवास्तव और डॉ राजनारायण साहू ने किया। डॉ रूही श्रीवास्तव ने आइवीएफ और भ्रूण विज्ञान में नवीनतम शोध और तकनीकी सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे इन नवाचारों ने अनगिनत जोड़ों के लिए माता-पिता बनने के सपने को साकार किया है। डॉ राजनारायण साहू ने भ्रूण विज्ञान के महत्व और किसी भी आइवीएफ प्रक्रिया की सफलता में भ्रूण वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

स्पीकर के डेमोग्राफी में बदलाव पर इनकार के बयान पर भाजपा की आपत्ति

विचाराधीन मामले में टिप्पणी कर कोर्ट की अवमानना कर रहे है स्पीकर: प्रतुल

असम के मुख्यमंत्री के दौरों पर आपत्ति करने का स्पीकर को कोई हक नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा ने स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को डेमोग्राफी में बदलाव से इनकार करने वाले बयान पर घेरा। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि डेमोग्राफी बदलाव का मामला फिलहाल उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उच्च न्यायालय ने सीमावर्ती छह जिलों के उपायुक्तों को इस मुद्दे पर शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि उनके जिलों में कितने घुसपैठिये रह रहे हैं और उनको कैसे निकाला जाये। इस पर उच्च न्यायालय के द्वारा कोई निर्णय सुनाने के पहले ही स्पीकर का इस मामले में हस्तक्षेप करना सीधे तौर पर कोर्ट की अवमानना है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एक तरफ स्पीकर डेमोग्राफी में बदलाव से इनकार कर रहे हैं, जबकि देश की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों में 1951 से 2011 के बीच संताल के इलाके में आदिवासियों की आबादी 16 प्रतिशत घटी है। मुसलमान की आबादी 13 प्रतिशत बढ़ी है। यह सीधे तौर पर घुसपैठ का मामला है। 1951 से 2011 के 60 वर्षों के कार्यकाल में 85 प्रतिशत समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी, तो इस घुसपैठ के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें जिम्मेदार हैं। 2 जून

2023 को सभी जिला के उपायुक्त को पत्र लिख कर स्पेशल ब्रांच ने स्पष्ट रूप से कहा था कि घुसपैठियों को संताल के मदरसों में ठहराया जाता है और उनके सरकारी दस्तावेज तैयार किये जाते हैं। जानना चाहा कि क्या स्पीकर राज्य सरकार के स्पेशल ब्रांच से भी सहमत नहीं हैं। स्पीकर का पद संवैधानिक है और राजनीति से ऊपर का माना जाता है, लेकिन यहां स्पीकर एक राजनीतिक दल के प्रवक्ता की तरह बयान दे रहे हैं और विचाराधीन मामलों पर भी टिप्पणी कर रहे हैं, जो कि सर्वथा अनुचित है। स्पीकर को अपने संवैधानिक कुर्सी की मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। स्पीकर का असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिश्व सरमा के दौरों पर भी टिप्पणी करना समझ से परे है और आपत्तिजनक है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री झारखंड के चुनाव सह प्रभारी की हैसियत से झारखंड का दौरा कर रहे हैं। पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा को असम के मुख्यमंत्री के दौरों से भय लगता था।

महत्वपूर्ण खबरें

सीसीएल का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल की ओर से बिहार-झारखंड की सीमा के पास अवस्थित दुम्मा में श्रावणी मेला के अवसर पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में ग्रामीणों, हितधारकों और कामगारों के लिए सीसीएल के चिकित्सकों की टीम के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि की जांच के साथ फिजियोथेरेपी और नि:शुल्क दवाओं की सुविधा दी जा रही है। सीसीएल के दो वरिष्ठ चिकित्सकों और सात अन्य चिकित्सा कर्मियों की टीम सेवाएं प्रदान कर रही है, जो विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का निदान और उपचार कर रही है। यह शिविर 22 जुलाई से शुरू होकर 20 अगस्त तक चलेगा। इस शिविर में अब तक 8000 से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ उठा चुके हैं। सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शिविर लगाया गया है।

विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन महोत्सव

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र स्थित विश्व ज्योति धाम में गुरुवार को रक्षा बंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बीके राजमती ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए संदेश दिया। मौके पर रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, जय श्रीवास्तव, ब्रिस्मनी देवी, ऊर्मिला देवी, लीला देवी, कविता सेन, सावित्री देवी, अनीता देवी, विकास कुमार, मोनू कुमार उपस्थित थे।

डोरंडा कॉलेज में बीए के छात्रों का स्वागत

रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा महाविद्यालय में नागपुरी भाषा विभाग द्वारा बीए सेमेस्टर सिक्स के विद्यार्थियों को सेशन पूर्ण होने पर सम्मानित किया गया। बीए नये सेशन के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ रजनी टोप्पो मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष प्रो कंचन मुंडा ने किया। संचालन तृतीय सेमेस्टर की छात्रा आशियाना कच्छप ने किया। प्रो युगेश महतो, प्रो भादी प्रकाश उरांव, प्रो आलम आरा, प्रो मार्शल पूर्ति, प्रो अरविंद कुमार, अजय पोढ़ मौजूद रहे।

साईं नाथ विवि दूरस्थ केंद्र के रूप में चयनित

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की ओर से आयोजित पाठ्यक्रम 'आइसीटी कार्यस्थल पर संचार' के लिए साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची को दूरस्थ केंद्र चुना गया। यह पाठ्यक्रम ऑनलाइन मोड में 26 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में विभिन्न विभागों के डीन, प्रिंसिपल, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर और तकनीशियन सहित 100 से अधिक प्रतिभागी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। पाठ्यक्रम के स्थानीय समन्वयक साईं नाथ विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग डिर्पाटमेंट के प्रिंसिपल डॉ अहसन रब्बानी और सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो अंकित वर्मा हैं। इस पाठ्यक्रम के आयोजन में विश्वविद्यालय के एकेडेमिक डीन डॉ भाग्यश्री सिंह की भूमिका सराहनीय है। कुलपति प्रो एसपी अग्रवाल ने कहा कि साईं नाथ विश्वविद्यालय को पाठ्यक्रम के लिए दूरस्थ केंद्र के रूप में चुना जाना महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

मानसून के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल ने उठाये कई एहतिहाती कदम

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। मानसून के दौरान होने वाली भारी बारिश के कारण खास कर उत्तर बिहार में कई स्थानों पर रेल पटरियों पर पानी आ जाने और कई स्थानों पर पुलों पर बाढ़ के पानी के भारी दबाव के कारण रेल परिचालन बाधित होने की संभावना रहती है। इसी के मद्देनजर मानसून के दौरान होने वाली परेशानियों से निपटने के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं, ताकि बाढ़ की स्थिति में जब रेल परिचालन बाधित हो, तो जल्द से जल्द परिचालन को पुनर्बहाल किया जा सके। बारिश के दौरान रेल पुलों और रेलवे ट्रैकों के आसपास जलजमाव नहीं हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किये गये हैं। साथ ही रेलवे ट्रैक पर पानी जमा नहीं हो, इसके लिए नियमित अंतराल पर क्रास ड्रेन की व्यवस्था की गयी है।

तनावमुक्त रहें, घर का खाना खायें, तभी डाइबिटीज से बचे रहेंगे : डॉ सौम्या सिन्हा

रांची (आजाद सिपाही)। अगर आप डाइबिटीज, हाईपरटेंशन, ब्लड प्रेशर और मेंटल हेल्थ से बचना चाहते हैं, तो आपको तनाव मुक्त रहना होगा। आज भारत बर्ष में हर दस में से चार लोग डाइबिटीज, हाईपरटेंशन ब्लड प्रेशर और मेंटल हेल्थ से प्रभावित हैं। आने बाले समय में यह बिमारी बहुत तेजी से लोगों को अपने आगोश में ले लेगी। अत: जरूरी है कि तनावमुक्त होकर अपना काम करें और भोजन के प्रति भी सजग रहें, जिससे की इस बीमारी से बहुत हद तक बचा जा सकता है। खास कर आज कल के युवाओं को अगर देखा जाय तो उनके दिनचर्या में बहुत परिवर्तन हुआ है, जिससे की कम उम्र में युवा इस बिमारी के चपेट में आ रहे हैं। उक्त बातें आस्था फाऊंडेशन द्वारा चलाये जा रहे वाक फार लाइफ मुहिम के तहत आयोजित युथ हेल्थ कान्क्लेव के दौरान झारखंड रांची की मशहूर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सौम्या सिन्हा ने कहीं। कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस के तहत किया गया था। मशहूर डाइटिशियन स्नेहा वर्मा ने कहा कि अपने भोजन ऐसी चीजें शामिल करें, जिससे आपको पौष्टिक आहार मिले और आप हमेशा तनाव मुक्त रहें। आस्था फाऊंडेशन के सचिव पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि आस्था फाऊंडेशन लगातार रांची के सभी कॉलेजों में जा जा कर युवाओं को डाइबिटीज, डिप्रेशन और मेंटल हेल्थ के प्रति जागरूक कर रही है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संजय गांधी कालेज के एन एस एस के हेड डा पमपा सेन विश्वास नेकिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ राजेश कुमार साहू, डॉ सुखदेव साहू, अरुण कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.6 °C	24.4 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.34 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.16 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in

सीएम ने रिम्स में झामुमो के गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली

गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करें : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रिम्स के ट्रोमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर भर्ती झामुमो गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन से मुलाकात की। उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने महालाल सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने महालाल सोरेन को चिकित्सा सेवा दे रहे डॉक्टर्स से उनके बेहतर इलाज से संबंधित बातचीत की।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमेत सोरेन ने ट्रोमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। इलाजरत सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ उपलब्ध कराये जाने का निर्देश चिकित्सकों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिम्स प्रबंधन प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे।

बता दें कि झामुमो गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं और बेहतर इलाज के लिए रिम्स के ट्रोमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में इलाजरत हैं।

खिले विद्यार्थियों के चेहरे, घंटी बजा जतायी खुशी

कल्पना सोरेन ने पचंबा स्कूल में बांटी साइकिल

ग्रामीणों से मिलीं, किया स्वागत, थिरकीं कल्पना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गिरिडीह के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पचंबा में विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को खुशियों भरा दिन रहा। यहां सरकारी योजना उन्नति का पहिया के तहत बतौर मुख्य अतिथि विधायक कल्पना सोरेन ने निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। वहीं दूसरी ओर साइकिल मिलने की खुशी सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजा कर जाहिर की और विधायक कल्पना सोरेन का आभार जताया। छात्रा-छात्राएं मन लगा कर पढ़ाई करें, साइकिल से स्कूल आने-जाने में सहूलियत हो, इसे लेकर ही झारखंड सरकार ने उन्नति का पहिया कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्नति के पहिया योजना के तहत निःशुल्क साइकिल प्रदान की जा रही है, ताकि संसाधनों के अभाव में और दूरी के कारण पढ़ाई बीच में नहीं छोड़ें। साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस मौके का गवाह गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी बने। इस मौके पर छात्राओं ने कहा कि खुशियों का दिन आया है, जो चाहा सो पाया है। इस योजना के लिए सीएम हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना को दिल से जोहार। गिरिडीह दौरा के क्रम में ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ग्रामीण महिलाओं संग कल्पना सोरेन हाथ में हाथ डाल कर थिरकतीं नजर आयीं।

लैंड स्कैम के आरोपी ने भरा एक लाख का बांड

रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम केस के आरोपी राजकुमार पाहन गुरुवार को रांची प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुआ। उसके खिलाफ कोर्ट ने समन जारी किया था। कोर्ट में उपस्थित होने के बाद कोर्ट ने उसे एक लाख का निजी मुचलका भरने का निर्देश दिया। दरअसल लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन दायर की गयी है, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान भी लिया। इस केस के प्रमुख आरोपी बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप समेत अन्य फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या: HS/DDU/ORH/02

1. कार्य का नाम एवं स्थान: रेल परियोजना दानापुर के अधीन, प्रधानखंता–मानपुर खंड के लिए कोडरमा में कार्यालय और विश्रामगृह के लिए सुसज्जित सभी सुविधाओं के साथ मकान किराये पर लेने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित है। कार्यालय एवं विश्रामगृह के लिए निश्चित जगह कोडरमा। प्रस्तावित मकान रेलवे स्टेशन एवं मुख्य बाजार से उचित दूरी पर होना चाहिए। अधिकारी विश्रामगृह एवं कार्यालय सुसज्जित सभी सुविधाओं के साथ देने वाले को वरीयता दी जाएगी। मकान में गाड़ियों के पार्किंग, पानी एवं बिजली की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। इच्छुक व्यक्ति उप मुख्य विद्युत अभियंता रेल परियोजना, दानापुर में कृपया संपर्क करें। **2. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–05.08.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय–दिनांक 25.08.2024 को 15:00 बजे। **3. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा के बारे में विवरण प्राप्त किया जा सकता है:** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल, जिला–पटना, पिन–801105.

उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना, दानापुर

पीआर/00753/आरपी/ईएनईसी/टी/24–25/40

निशिकांत ने लोस में उठाया बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला

गोड्डा क्षेत्र में 100 आदिवासी मुखिया, लेकिन पति मुस्लिम

हिंदू गायब हो जायेंगे, झारखंड में एनआरसी लागू हो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लोकसभा में गुरुवार को सांसद निशिकांत दुबे के बयान से हलचल मच गयी। भाजपा सांसद ने संताल में लगातार घट रही आदिवासी आबादी को लेकर सवाल उठाया। श्री दुबे ने संसद के मानसून सत्र में एनआरसी लागू करने की मांग की। कहा कि जिस क्षेत्र से आता हूं, वह संताल परगना है। जब 2000 में संताल परगना बिहार से अलग होकर झारखंड का हिस्सा बना, तो उस समय संताल परगना में आदिवासियों की आबादी 36 फीसदी थी। आज आदिवासी आबादी 26 फीसदी है। पूछा कि 10 प्रतिशत आदिवासी कहां गायब हो गये। इस सदन को उनकी चिंता

नहीं है। कहा कि विपक्ष वोट बैंक की राजनीति करता है। बांग्लादेशी बढ़ रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। निशिकांत दुबे ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं। गोड्डा क्षेत्र में 100 आदिवासी मुखिया हैं, लेकिन उनके पति मुस्लिम हैं। यह हिंदू-मुसलमान का सवाल नहीं है। महिलाएं जो आदिवासी कोटे से चुनाव लड़ती हैं, उनके पति मुसलमान हैं। चुनाव लड़ने वाली आदिवासी महिला के पति मुसलमान हैं। पाकुड़ के तारानगर, इलामी और दगापारा में दंगे भड़क उठे हैं, क्योंकि मालदा और मुर्शिदाबाद हमारे लोगों को बेदखल कर रहा है। हिंदू गांव खाली हो रहे हैं। यह एक गंभीर मामला है। बात गलत होगी, तो इस्तीफा देने को तैयार हूं। निशिकांत दुबे ने मांग की कि बिहार के अररिया, कटिहार, बंगाल के मालदा, मुर्शिदाबाद को केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाये। ऐसा नहीं किया गया तो यहां से हिंदू गायब हो जायेंगे। एनआरसी लागू करने की मांग करते हुए कहा कि सदन की एक कमेटी वहां भेजी जाये।

आलमगीर और बीरेंद्र राम का केस एक साथ टैग, चार्ज फ्रेम जल्द

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र राम से जुड़े टेंडर घोटाला के दो मामलों को एक साथ टैग कर दिया गया है। रांची के प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में गुरुवार को इस केस की आरोपी राजकुमारी देवी और बीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम सशरीर कोर्ट में उपस्थित हुए।

सुनवाई के दौरान सभी आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया। अब न्यायालय चार्ज फ्रेम की प्रकिया शुरू करेगा।

दरअसल, झारखंड में टेंडर घोटाला के जरिए मनी लांड्रिंग की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी इडी कर रही है। इस केस में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर आलम समेत ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र राम समेत कई लोगों को इडी गिरफ्तार कर चुकी है। इस केस में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी में एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश और कई दस्तावेज जब्त कर चुकी है।

ढुल्लू महतो ने अमित शाह से की मुलाकात

अधिकारियों की लापरवाही से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सांसद ढुल्लू महतो ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दिल्ली स्थित उनके आवास पर सांसद ढुल्लू महतो ने धनबाद से जुड़े हाल के दिनों के घटनाक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक गृह मंत्री अमित शाह को अवगत कराया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों की शिकायत की। इसमें धनबाद लोकसभा में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के साथ ही उनकी गतिविधियों से भी अमित शाह को रू-ब-रू कराया। इस दौरान सांसद ने गृह मंत्री से इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तक की मांग कर डाली। सांसद ढुल्लू महतो ने सोशल मीडिया पर गृह मंत्री से मुलाकात की तस्वीर पोस्ट की। इसमें ढुल्लू महतो हल्के हरे रंग की बंडी और सफेद रंग का कुर्ता पजामा पहने हुए हैं। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को धनबाद में प्रशासन के काम करने की शैली, अपराधियों को संरक्षण समेत अन्य मुद्दों से अवगत कराया।

रांची, धनबाद और जमशेदपुर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए 150 करोड़ मिले

धनबाद और जमशेदपुर को 100-100 और रांची को 75 अंक मिले

नगर विकास सचिव ने केंद्र को बताया, पिछली नहीं मिली राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के शहरी विकास और आवास सचिव अरवा राजकमल ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय दिल्ली में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की 7वीं संचालन समिति की बैठक में भाग लिया। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए चयनित शहरों में झारखंड के तीन शहर हैं, रांची, धनबाद और जमशेदपुर। सचिव ने इस मुद्दे को उठाया कि झारखंड के लिए 2023-24 में कोई फंड जारी नहीं किया गया है और 2024-25 में फंड के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। संचालन

समिति ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये वायु गुणवत्ता मानकों के आंकड़ों के अनुसार ही 2024-25 में धन आवंटित करने का निर्णय लिया। सीपीसीबी के अनुसार, धनबाद शहर को 100-100 अंक मिले। रांची और जमशेदपुर को क्रमशः 75-100 अंक मिले और उन्हें 2024-25 में फंडिंग के लिए योग्य पाया गया। शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए इन तीन शहरों को 2024-25 में लगभग 150 करोड़ की फंडिंग दी जायेगी। इन निधियों का उपयोग करके तीन शहर में संघनन मशीनरी, उभयचर उत्खननकर्ता खरीद सकते हैं। जल निकाय पुनर्जीवन, पौधरोपण भी कर सकते हैं। धूल भरी सड़कों पर यातायात को कम करने के लिए शहर पेवर-ब्लॉक सड़कें भी बना सकते हैं। झारखंड सरकार की नागरिक सुविधा और परिवहन निधि के समर्थन के साथ इस पहल का उपयोग करते हुए रांची, धनबाद और जमशेदपुर के वायु गुणवत्ता मानकों में 2024-25 में और सुधार किया जायेगा। इस बैठक में सचिव एमओइएफसीसी भारत सरकार के साथ सभी राज्य सरकारों के शहरी विकास सचिव शामिल हुए। झारखंड से शहरी विकास-आवास सचिव अरवा राजकमल, जमशेदपुर जेएनएसी के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण कुमार के साथ बैठक में शामिल हुए।

बन्ना गुप्ता-दीपिका ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गुरुवार को दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और आगामी विधानसभा चुनाव के तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के जरिये किये गये चार साल के कार्यों और खाद्य आपूर्ति विभाग में पद संभालने के बाद किये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। इसके अलावा भी अन्य कई विषयों पर चर्चा हुई। इधर, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी रिपोर्ट कार्ड दिया।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

e-Procurement Notice No. 06 / 2024-25

Letter No.- CE/3730/688 **Date: 25.07.2024**

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

Sl. No.	Tender Reference No.	Name of Work	Approximate value of work (in Rs.)	Cost of BOQ (in Rs.)	Earnest Money Deposit (in Rs.)	Period of Completion	For	Type of Bid
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	JPHCL/GR01/NIT06/2024-25	Renovation of Jail Superintendent Residence in Sub Jail at Tenughat in the district of Bokaro	3056804.00	5000.00	62000.00	60 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
2	JPHCL/GR02/NIT06/2024-25	Renovation of Assistant Jailor Residence in Sub Jail at Tenughat in the district of Bokaro	1597290.00	5000.00	32000.00	60 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
3	JPHCL/GR03/NIT06/2024-25	Renovation of Jail Kakshpal Residence (4 Unit) in Sub Jail at Tenughat in the district of Bokaro	3131656.00	5000.00	63000.00	60 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
4	JPHCL/GR04/NIT06/2024-25	Repairing work of Adheekshak, Karapal, Lipik residence at Mandal Kara, Chatra in the district of Chatra	4113140.00	5000.00	83000.00	90 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
5	JPHCL/GR05/NIT06/2024-25	Repair of "C" Type Quarter at Sub Jail, Ramgarh in the district of Ramgarh	4054487.00	5000.00	82000.00	90 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
6	JPHCL/GR06/NIT06/2024-25	Repair work of Superintendent Residence at Sub Jail, Ramgarh in the district of Ramgarh	1883877.00	5000.00	38000.00	60 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
7	JPHCL/GR07/NIT06/2024-25	Repair of Doctor Residence at Sub Jail, Ramgarh in the district of Ramgarh	1884941.00	5000.00	38000.00	60 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
8	JPHCL/GR08/NIT06/2024-25	Repair of "A" Type Quarter at Sub Jail, Ramgarh in the district of Ramgarh	7200887.00	10000.00	145000.00	120 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
9	JPHCL/GR09/NIT06/2024-25	Repair of "B" Type Quarter at Sub Jail, Ramgarh in the district of Ramgarh	7206820.00	10000.00	145000.00	120 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
10	JPHCL/GR10/NIT06/2024-25	Construction of Hospital Building for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh	14575160.00	10000.00	292000.00	270 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
11	JPHCL/GR11/NIT06/2024-25	Construction of Jail Superintendent Residence for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh	18085982.00	10000.00	362000.00	270 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
12	JPHCL/GR12/NIT06/2024-25	Construction of Jailor Residence for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh	18085982.00	10000.00	362000.00	270 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
13	JPHCL/GR13/NIT06/2024-25	Construction of Assistant Jailor Quarter for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh	17795277.00	10000.00	356000.00	270 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
14	JPHCL/GR14/NIT06/2024-25	Construction of Doctor Residence for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh	17795277.00	10000.00	356000.00	270 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2
15	JPHCL/GR15/NIT06/2024-25	Construction of Ward Prisoners for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh	8188285.00	10000.00	164000.00	180 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 30.07.2024 at 11:00 AM to 09.08.2024 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 09.08.2024. Bids received online will be opened at 17:00 PM on 10.08.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Bids of contractors registered / working with JPHCL, who have delayed start / execution / completions of any construction work for reasons of delay attributable to them, will be rejected at the time of evaluation of technical bid.
5. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

तारा शाहदेव प्रकरण में रंजीत सिंह उर्फ रकीबुल की जमानत पर सुनवाई

रकीबुल की ओर से कहा गया- पति, पत्नी के रूप में थे, इसलिए रेप का मामला नहीं बनता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। मामले में रकीबुल की ओर से बहस की गयी, जो जारी रही। उसकी ओर से कोर्ट को कहा गया कि वह पति-पत्नी के रूप में थे, इसलिए उसके खिलाफ रेप का मामला नहीं बनता है। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। पूर्व में हाइकोर्ट से रकीबुल की मां कौशल रानी और बर्खास्त रजिस्ट्रार विजिलेंस मुश्ताक अहमद को जमानत मिल चुकी है। बता दें कि सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने रकीबुल की मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनायी थी। साथ ही मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनायी थी, जबकि रकीबुल को अंतिम सांसों तक जेल में रहने को लेकर उम्र कैद की सजा सुनायी थी। दरअसल, इस हाइप्रोफाइल मामले में सीबीआइ कोर्ट ने मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए सजा सुनायी थी। मामले में सीबीआइ की ओर से 26 गवाह प्रस्तुत किये गये थे। वहीं बचाव पक्ष की ओर से चार गवाह प्रस्तुत किये गये थे।

सीबीआइ ने 2015 में मामले की जांच शुरू की

मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और रकीबुल की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ 2 जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआइ ने वर्ष 2015 में केस को अपने हाथों में लिया था। रकीबुल एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी, लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित किया गया। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ 2 जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआइ ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

सुप्रीम कोर्ट का क्लीन चिट नहीं

इस साल की नीट-यूजी परीक्षाओं पर मंगलवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला पहली नजर में राहत देने वाला है। फैसले ने इन परीक्षाओं को लेकर पिछले कुछ समय से बनी अनिश्चितताओं को दूर किया है। हालांकि इस प्रकरण से सामने आये कई बड़े सवालों के जवाब मिलने अभी बाकी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दो बातें पहले ही साफ कर दी थीं। एक तो यह कि परीक्षाएं दोबारा करवाने का फैसला आखिरी विकल्प होगा। दूसरी बात यह कि अगर उसे ऐसा लगा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, तो वह इसे कैंसल करने से नहीं हिचकेगा। उसके फैसले में इन दोनों ही कारकों का प्रभाव दिखता है। सुनवाई के दौरान सामने आये तथ्यों ने स्पष्ट कर दिया कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है, लेकिन कोर्ट को इस बात में भी कोई संदेह नहीं कि जितने तथ्य सामने आये हैं, उनके आधार पर इन गड़बड़ियां को व्यवस्थागत नाकामी का परिणाम नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा कैंसल कर मेडिकल कॉलजों का सत्र बाधित करना और इस प्रकार भविष्य में डॉक्टरों की उपलब्धता प्रभावित होने देना कोर्ट ने ठीक ही तर्कसंगत नहीं माना।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दो बातें पहले ही साफ कर दी थीं। एक तो यह कि परीक्षाएं दोबारा करवाने का फैसला आखिरी विकल्प होगा। दूसरी बात यह कि अगर उसे ऐसा लगा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, तो वह इसे कैंसल करने से नहीं हिचकेगा।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नीट यूजी या नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के लिए क्लीन चिट नहीं माना जा सकता। बात सिर्फ पेपरलीक की नहीं है। चाहे ग्रेस मार्क्स देने और उसे कैंसल करने की बात हो या धीरे-धीरे सामने आती गड़बड़ियों पर एजेंसी के रुख की, इस पूरे मामले ने संदेह का ऐसा माहौल बनाया है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। भूलना नहीं चाहिए कि मामला नीट यूजी तक सीमित नहीं है। एनटीए द्वारा संचालित अन्य परीक्षाओं में भी गड़बड़ी और बदइंतजामी की शिकायतें आती रही हैं। संसद में भी यह मसला उठाया गया है। साफ है कि इस पूरे मामले का सिर्फ एक पहलू ही सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था। ऐसे में दो बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं। एक तो यह कि नीट-यूजी पेपरलीक मामले की जांच अभी चल ही रही है। बहुत संभव है कि जांच के दौरान ऐसे नये साक्ष्य सामने आयें, जिनसे मामले के कुछ और अनछुए पहलू उजागर हों। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जांच पूरी गंभीरता से आगे बढ़े और अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचे। दूसरी बात यह कि उच्च शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ी परीक्षाओं के संचालन को ज्यादा गंभीरता से लिया जाये। इस स्तर पर किसी भी तरह की गड़बड़ी या लापरवाही की गुंजाइश छोड़ना देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

लक्सर स्ट्रीट में बाल कल्याण संस्था के कर्मचारियों द्वारा बच्चों को उनके परिवार से अलग करने और जबरन चाइल्ड केयर होम में रखने के बाद उपद्रव शुरू हुआ था। परिवार के 4 बच्चों में से एक की पिटाई का वीडियो किसी पड़ोसी ने शहर की बाल कल्याण एजेंसी को भेज दिया था। पूरा मामला हेयर हिल्स के खानाबदोश रोमा (जिप्सी) समुदाय से जुड़ा था, जिनके लोगों ने पहले झगड़ा शुरू किया। परंतु बाद में पुलिस पर अपना गुस्सा निकालने के लिए पाकिस्तानी-बंगलादेशी मूल के मुसलमान भी इसमें कूद पड़े और देखते ही देखते क्षेत्र में अराजकता फैल गयी।

ब्रिटेन में लीड्स क्यों सुलग उठा

बलबीर पुंज

बीते दिनों ब्रिटेन के लीड्स स्थित हेयरहिल्स उपनगर में जो कुछ हुआ, वह क्यों हुआ और उससे हम क्या सबक सीख सकते हैं? इसके 2 पहलू हैं, जिस पर विस्तृत चर्चा करने से पहले यह जानना जरूरी है कि 18 जुलाई को हेयर हिल्स क्यों सुलग उठा? इस क्षेत्र की लक्सर स्ट्रीट में बाल कल्याण संस्था के कर्मचारियों द्वारा बच्चों को उनके परिवार से अलग करने और जबरन चाइल्ड केयर होम में रखने के बाद उपद्रव शुरू हुआ था। परिवार के 4 बच्चों में से एक की पिटाई का वीडियो किसी पड़ोसी ने शहर की बाल कल्याण एजेंसी को भेज दिया था। पूरा मामला हेयर हिल्स के खानाबदोश रोमा (जिप्सी) समुदाय से जुड़ा था, जिनके लोगों ने पहले झगड़ा शुरू किया। परंतु बाद में पुलिस पर अपना गुस्सा निकालने के लिए पाकिस्तानी-बंगलादेशी मूल के मुसलमान भी इसमें कूद पड़े और देखते ही देखते क्षेत्र में अराजकता फैल गयी। दंगाइयों ने जगह-जगह आगजनी करते हुए डबल-डैकर बस को फूंक दिया, निजी-सार्वजनिक संपत्ति पर पत्थर बरसाए और पुलिस अधिकारियों पर हमला बोलकर उनके वाहनों को पलट दिया।

यूरोप में अधिकांश मुसलमान प्रवासी मूल के हैं, जिनका संबंध उन्हीं गृहयुद्ध से जूझते या युद्धग्रस्त मध्यपूर्वी इस्लामी देशों से है।

इस संबंध में सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं। हेयरहिल्स की आबादी करीब 31 हजार है, जिसमें 42 प्रतिशत हिस्सेदारी मुसलमानों की है, तो ईसाई जनसंख्या 37 प्रतिशत है। दरअसल, लीड्स दंगा अपने भीतर 2 समस्याओं को समेटे हुए है। इसमें पहला संकट पश्चिमी और पूर्वी दुनिया के बीच सांस्कृतिक भिन्नता से जुड़ा है। किसी भी देश के नियम-कानूनों में उसकी संस्कृति की झलक दिखती है। अमेरिका और यूरोपीय देश पूर्वाग्रह-गफलत के शिकार हैं कि उनकी संस्कृति-परंपरा, जीवनशैली और तौर-तरीके ही बाकी दुनिया के लिए आदर्श हैं। जबकि सच्चाई क्या है, यह अमेरिका में 13 करोड़ वयस्कों के अकेलेपन का शिकार होने, अभिभावक-बच्चे एक-दूसरे के साथ रहना पसंद नहीं करने, अधिक तलाक दर होने और अमेरिकी सरकार द्वारा अपने कुल बजट का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बुजुर्ग नागरिकों की देखभाल पर खर्च करने की मजबूरी से स्पष्ट है। इसकी तुलना में भारतीय उपमहाद्वीप में पारिवारिक-सामाजिक मूल्य अब भी बहुत मजबूत है, जिसे तोड़ने के कुटिल प्रयास दशकों से किये जा रहे हैं।

लीड्स घटनाक्रम से 2 साल पहले ब्रिटेन के लेस्टर-बर्मिंघम में भी हिंदुओं को चिन्हित करके उनके घरों-मंदिरों पर योजनाबद्ध हमला हुआ था। स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी आदि यूरोपीय देश भी हालिया वर्षों में इसी प्रकार के मजहबी दंगों का शिकार हो चुके हैं। यह दिलचस्प है कि जो राष्ट्र घोषित रूप से इस्लामी है या शरीया द्वारा संचालित है, वहां भी मुसलमानों का अपने सह-बंधुओं के साथ मजहब के नाम पर हिंसक टकराव है।

ब्रिटेन के साथ जर्मनी, नॉर्वे सहित कई पश्चिमी देशों में बच्चों के पालन-पोषण को लेकर सख्त नियम हैं। बाल-कल्याण से जुड़ी संस्थाएं ऐसे परिवारों की तलाश में रहती हैं, जिनके बच्चों को लेकर चाइल्ड प्रोटेक्शन से जुड़े नियमों के तहत कार्रवाई हो सके। इनमें अभिभावकों द्वारा बच्चे को थप्पड़ मारना या उनके सामने हिंसा करना ही नहीं, बल्कि उन्हें डांटना, हाथ से खाना खिलाना और यहां तक कि उन्हें अपने साथ एक ही बिस्तर पर सुलाना तक भी अपराध की श्रेणी में आता है।

इस प्रक्रिया में सुरक्षा का हवाला देकर वेलफेयर कोर्ट बच्चे को उसके मां-बाप से अलग करके स्थानीय परिवारों को सौंप देते हैं, जिन्हें फोस्टर पैरेंट्स कहा जाता है और कुछ देशों में इन्हें दूसरों के बच्चे संभालने के बदले मोटी रकम दी जाती है।

प्रवासी भारतीयों से जुड़े ऐसे ढेरों उदाहरणों में से एक चर्चित मामला जर्मनी से भी सामने आया था। इसमें 23 सितंबर 2021 को 7 महीने की अरिहा शाह को उसके माता-पिता से तब अलग कर दिया गया था, जब वे अपनी बेटी को आकस्मिक चोट का उपचार कराने अस्पताल ले गये थे, तब चिकित्सक ने चाइल्ड केयर सर्विस को फोन करके बुलाया और बच्ची को उन्हें सौंप दिया। अरिहा अब 3 वर्ष से अधिक की हो गयी है और अब भी जर्मनी के युवा कल्याण कार्यालय (जुगेंडमट) के संरक्षण में है। उसकी वापसी हेतु अरिहा का परिवार भारत सरकार के समर्थन से न्यायिक और कूटनीतिक मार्ग अपना रहा है। इस पृष्ठभूमि में हेयरहिल्स में बाल कल्याण एजेंसी के खिलाफ खानाबदोश रोमा समुदाय और उनके समर्थन में पाकिस्तानी-बंगलादेशी मुस्लिमों द्वारा मचाया उत्पात क्या दर्शाता है? अक्सर, मुस्लिम समाज का एक वर्ग, विशेष कर उस देश में जहां वे अल्पसंख्यक होते हैं, किसी भी मामले में असहमति या विरोध जताने के लिए हिंसा का सहारा लेता है।

लीड्स घटनाक्रम से 2 साल पहले ब्रिटेन के लेस्टर-बर्मिंघम में भी हिंदुओं को चिन्हित करके उनके घरों-मंदिरों पर योजनाबद्ध हमला हुआ था। स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी आदि यूरोपीय देश भी हालिया वर्षों में इसी प्रकार के मजहबी दंगों का शिकार हो चुके हैं। यह दिलचस्प है कि जो राष्ट्र घोषित रूप से इस्लामी है या शरीया द्वारा संचालित है, वहां भी मुसलमानों का अपने सह-बंधुओं के साथ मजहब के नाम पर हिंसक टकराव है। यूरोप में अधिकांश मुसलमान प्रवासी मूल के हैं, जिनका संबंध उन्हीं गृहयुद्ध से जूझते या युद्धग्रस्त मध्यपूर्वी इस्लामी देशों से है। इस संकट की बड़ी वजह एकेश्वरवादी मुस्लिम समाज में प्रचलित मध्ययुगीन अवधारणा (काफिर-कुफ्र-शिर्क सहित) और सर्वमान्य जीवनमूल्यों (सह-अस्तित्व सहित) के बीच टकराव है। किसी भी सभ्य समाज में असहमति का स्थान होता है, हिंसा का नहीं। इसलिए तमाम पूजा-पद्धतियों को चाहिए कि वे अपनी सड़ी-गली अवधारणाओं को परिमार्जित करके उसे शाश्वत सह-अस्तित्व की भावना से युक्त बनाये।

जमशेदपुर की खबरें

रक्तदान करने से प्रकृति की तरह शरीर भी रहता है संतुलितः अर्जुन मुंडा

सरायकेला (आजाद सिपाही)। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह जीवन दान है। अर्जुन मुंडा आदित्यपुर स्थित अटल पार्क में सामाजिक संस्था उदगम की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान ही नहीं, बल्कि मानव को प्रकृति से प्रेरणा भी देता है। कहा कि मनुष्य का शरीर प्रकृति से जुड़ा है। समय-समय पर रक्तदान करने से मनुष्य के शरीर में संतुलन बरकरार रहता है। रक्तदान करने वाले व्यक्ति को भविष्य में मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसे बीमारियों का भी सामना नहीं करना पड़ता है। यह रिसर्च में साबित हो चुका है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सामाजिक संस्था उदगम के सफल आयोजन को लेकर सभी रक्तदाताओं से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। इससे पूर्व संस्था की मुख्य संरक्षक सोनिया सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह के द्वारा उनका स्वागत किया गया। शिविर में कुल 1302 यूनिट रक्त संग्रहित कर संस्था ने रिकॉर्ड स्थापित किया।

भाजयुमो ने मशाल जुलूस निकाल कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अमित अग्रवाल के नेतृत्व में मशाल जुलूस सह तिरंगा यात्रा निकाला गया। गुरुवार को गोलमारी जॉगर्स पार्क से सैकड़ो युवाओं ने मशाल जुलूस सह तिरंगा यात्रा में शामिल होकर गोलमुरी शहीद स्मारक में श्रद्धा सुमन अर्पित की। मसाल जुलुस के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, देश के शहीदों अमर रहे का नारे लगाए। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक पहुंच कर शहीदों के सम्मान में दीप प्रजलित कर नमन किया। भाजयुमो के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य राजू कालरा ने कहा सभी समाज को साथ लेकर देश की एकता के प्रतीक शहीदों के सम्मान में मशाल जुलूस निकाला गया। भाजपा

जिलाअध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा सेना हम सभी का मनोबल बढ़ाती है। वे कर्तव्य निष्ठा से देश की सेवा करते है। उनके जीवन से प्रतेक मनुष्य को प्रेरणा लेकर लक्ष्यों के प्रति कार्य करना चाहिए। भाजयुमो जिलाअध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा जब इरादे नेक हों तो मंजिल मिल ही जाती है। कारगिल युद्ध पड़ोसी देश पाकिस्तान की नापाक सोच का परिणाम था, जिस पर भारत के कुशल नेतृत्व की नेक नीति और हमारी सेना का शौर्य भारी पड़ा। भारत ने युद्ध में सफलता हासिल की। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री, अजातशत्रु, गुंजन यादव, संजीव सिंह, जितेंद्र राय, अभिमन्यु सिंह चौहान, शशांक शेखर, चंदन चौबे, प्रकाश दुबे, जोगिंदर सिंह, सनी संघी, विकास सिंह, भीम दास, मुकेश कुमार, विशु सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, अविनाश मोहंती, प्रवीण सिंह, नवजोत सोहल, कंचन दत्ता, मुकेश कुमार, मनीष पांडे, राहुल कुमार, सुशील पांडेय, राकेश कुमार, अमरेन्द्र कुमार, रितेश सिंह, इगबाल बॉबी, चंचल ओझा, राहुल सोनानी, सुमित कुमार, ओमी सिंह, रितेश सिंह, रवि जेन्ट सिंह, अभिषेक पांडेय समेत अन्य उपस्थित रहे।

रामदास सोरेन ने किया तीन योजनाओं का शिलान्यास

घाटशिला (आजाद सिपाही)। विधायक निधि से घाटशिला प्रखंड के कशीदा पंचायत में अलग-अलग गांव में तीन पीसीसी सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास गुरुवार को विधायक रामदास सोरेन ने नारियल फोड़कर किया। प्रेम नगर गांव में भारती दास के घर से शिबू नामाता के घर तक 500 फीट पीसीसी सड़क, तमकपाल गांव में आयन टुडू के घर से सुनील हेंब्रम के घर तक 800 फीट पीसीसी सड़क एवं कसीदा विक्रमपुर स्थित एनएच 18 से संजीत पांडा के घर तक 1000 फीट पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास विधायक ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जहां कहीं भी सड़क की जरूरत है उसे प्राथमिकता के आधार पर अपने निधि से बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 30 लाख से अधिक रुपये की योजना का शिलान्यास किया गया है।

हिम्मत है, तो बन्ना निरीक्षण प्रतिवेदन करें सार्वजनिकः सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता को चुनौती देते हुए कहा है कि हिम्मत है, तो अब तक किये गये गोदामों का निरीक्षण प्रतिवेदन और उस पर विभागीय सचिव की टिप्पणी को सार्वजनिक करें। सरयू राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बन्ना गुप्ता के बारे में कहा है कि उनके सामने तथ्य की बात रखना भैंस के आगे बीन बजाने जैसा है। राय ने कहा कि गुरुवार को खाद्यान्न को जमीन में गाड़ने के संबंध में मंत्री ने जो बयान जारी किया है और उसके साथ मेरा नाम जोड़ा है, वह उनकी तिकड़मबाजीयुक्त बदमाशी का द्योतक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ही इसका इलाज कर सकते हैं, क्योंकि इससे उनकी सरकार के चेहरे पर कालिख पुत रही है। यदि उनकी सरकार का एक मंत्री बेसिर-पैर की बात करता है, बयान

जारी करने में अपनी अज्ञानता प्रदर्शित करता है, तो कैबिनेट की सामूहिक ज़िम्मेदारी के नाते इसमें उनका भी उत्तरदायित्व बनता है। वैसे तो मंत्री के रूप में शपथ लेते हुए बन्ना गुप्ता ने उल्टा शपथ पढ़ा था। पहला पन्ना बाद में और बाद का पन्ना पहले पढ़ा था। शपथ ग्रहण के समय का वीडियो इसका प्रमाण है, पर इसका मतलब यह नहीं कि वह काम भी उटपटांग करेंगे, जो कि वह कर रहे हैं। सरयू राय, जो खाद्य आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं, ने कहा कि कोई मंत्री जब निरीक्षण करता है, तो एक निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार कर संचिका में रखता है। विभागीय सचिव संचिका में रक्षित प्रतिवेदन पर विचारोपरांत नियम का हवाला देते हुए विधिसम्मत टिप्पणी के साथ संचिका आदेश के लिए मंत्री के पास भेजता है। मंत्री इस पर विचार कर सचिव की टिप्पणी से अंशतः या पूर्णतः सहमत या असहमत होते हुए आवश्यक आदेश जारी करता है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कडरू गोदाम का निरीक्षण करते समय जो पाया, उसका क्या लिखित प्रतिवेदन संचिका में दिया है और विभागीय सचिव ने इसकी मीमांसा करते हुए जो टिप्पणी नियमानुसार आदेश के लिए मंत्री के रूप मे उनके पास भेजी है, उस पर उन्होंने क्या किया है, यह बन्ना गुप्ता को सार्वजनिक करना चाहिए। न कि अपने मन की भड़ास निकालने वाला बदमाशीपूर्ण वक्तव्य मीडिया के सामने परोस कर अपने अज्ञान और तिकड़म का प्रदर्शन करना चाहिए।

घाटशिला कॉलेज के विद्यार्थियों ने देखी 'एलओसी कारगिल' फिल्म

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। कॉलेज की एनसीसी इकाई द्वारा चल रहे तीन दिवसीय कारगिल विजय दिवस समारोह के दूसरे दिन छात्रों को एलओसी कारगिल फिल्म दिखायी गयी। इस फिल्म को देखने के बाद छात्रों और शिक्षकों ने यह महसूस किया कि कारगिल युद्ध सचमुच काफी कठिन था। भारतीय जवानों ने अपने शौर्य का परिचय देते हुए तथा अपने प्राणों को निछावरकर अपने देश को जीत दिलायी। इस फिल्म के निर्देशक जेपी दत्ता का कहना है कि यह निश्चित रूप से मेरा अब तक का सबसे चुनौती पूर्ण प्रोजेक्ट था। लागत और कलाकार बहुत ज्यादा

थे। हमने लेह और लद्दाख में भीषण परिस्थितियों में शूटिंग की। अक्सर हमारे कलाकारों और क्रू को सांस लेने में दिक्कत होती थी, लेकिन हमारे पास कारगिल युद्ध में अपनी जान गंवाने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देने का जुनून था। प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने बताया कि इस तीन दिन दिवसीय कारगिल विजय दिवस समारोह का समापन घाटशिला अनुमंडल के बहरागोड़ा खोसाफलिया गांव के युद्ध नायक शहीद गणेश हांसदा के गांव में शुक्रवार को दिन के 3 बजे उनके शहीद स्मारक स्थल पर किया जायेगा। इस मौके पर इस वीर सपूत के माता-पिता को भी सम्मानित किया जायेगा। प्राचार्य ने यह भी बताया कि शहीद गणेश हांसदा उनके शिष्य थे। उन्होंने एनसीसी का प्रशिक्षण वर्ष 2015 से 18 तक उनके ही निर्देशन में एलबीएसएम कॉलेज में लिया था। एलओसी कारगिल फिल्म को डा पी के गुप्ता, डा एस के सिंह, डा डी सी राम, प्रो इंदल पासवान, डा संदीप चंद्र, प्रो विकास मुंडा, डा कुमार विशाल आदि शिक्षकों के साथ काफी संख्या छात्रों एवं एनसीसी कैडेटों ने कमरा संख्या 24 में देखा। इस कार्यक्रम का संयोजन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक ने किया। तकनीकी सहयोग सूर्य देव टुडू और दीपक टोप्पो ने किया।

डॉ अजय को जनसंपर्क अभियान में जनता का मिल रहा है समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में कांग्रेस पार्टी ने जनता से सीधे संपर्क कर अभियान में तेजी लाने में जुट गयी है। गुरुवार को पूर्व सांसद सह कांग्रेस पार्टी से वरिष्ट नेता डॉ. अजय कुमार ने जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओ को सुना। मौके पर समाधान के लिए भी आश्वासन दिया। इस दौरान उन्हें जनता का भी समर्थन मिल रहा है। मौके पर डॉ. अजय कुमार ने कहा हम सिर्फ वादा नहीं बल्कि लोगों

की जनसमस्याओं का समाधान भी करते है। कांग्रेस पार्टी जमशेदपुर के लोगों को हरसंभव सहयोग करने के लिए प्रतितबद्ध है। इस अवसर पर डॉ. अजय ने युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें खुब पढ़ने व खेलने की बात कही। उन्होंने कहा जाति धर्म का राजनीति से ऊपर उठ कर अपने करियर पर ध्यान दे। तभी आपका भविष्य सुरक्षित होगा। बताया जारहा है इससे पूर्व डॉ अजय कुमार ने युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक लगभग 600 फुटबॉल और क्रिकेट किट का वितरण किया गया है। लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जमशेदपुर में जनकल्याण वाहन चलाया जा रहा है। यह वाहन हर गली मोहल्ला में जाकर वहां के लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ उनके आवेदन भी निःशुल्क भरवाने में सहयोग कर रहे है। ताकि ज्यादा से ज्यादा आम जनता को सरकारी योजनाओ का लाभ उपलब्ध हो सके।

गढ़वा के विकास के लिए सदैव तत्पर हूं: गिरिनाथ सिंह

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन यात्रा प्रारंभ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर पूरा गढ़वा जल, जंगल और जमीन जैसे अनिवार्य मुद्दे पर अपनी समस्याओं के समाधान न होने पर आंसू बहा रहा है। सरकार द्वारा लागू की गयी सभी योजनाएं अधिकारियों के भ्रष्ट रवैया से आम जनमानस तक नहीं पहुंच पा रही है। और जो सक्षम लोग हैं उन्हें योजना का एक बड़ा भाग घूस के रूप में देना पड़ रहा है। अभी हाल ही में झारखंड सरकार द्वारा लागू की गयी अबुआ आवास योजना में लगभग 30000 प्रत्येक आवास के लाभुकों से बेधड़क रूप से लिया जा रहा है। ऐसे बहुत सारे मुद्दे हैं जिन पर जनप्रतिनिधि का मौन होना सारे मुद्दों में संलिप्तता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है जनता आगामी विधानसभा चुनाव में सही जनप्रतिनिधि का चयन कर अपने समस्याओं से निजात पायेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील चंद्रवंशी, शिवनाथ चौधरी, अवध सिंह, प्रभाकर सिंह, उमेश चौधरी, सतेंद्र, बीरेंद्र विश्वकर्मा, चुलहन (अध्यक्ष), सहित सैकड़ों में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

कारगिल विजय दिवस मनाया जायेगा आज

गढ़वा (आजाद सिपाही)। कारगिल विजय दिवस को लेकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शामिल जवान को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा में समर्पित जवान देश के सच्चे सपूत है। जिसने मां भारती के रक्षा के लिए खुद को युद्ध के आग में झोंक दिया, वैसे वीर सपूत हमारे लिए सदैव सम्मानित हैं।

विधायक भानु ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

मंगरदाहा नदी पर पुलिया निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी: भानु प्रताप शाही

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई । प्रखंड के लवाही गांव में क्षेत्रिय विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को 73 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इसके पुर्व कार्यकर्ताओं ने विधायक का गर्मजोशी के साथ शानदार स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि लवाही गांव के धोबी टोला में बघौता के पास मंगरदाहा नदी पर पुलिया निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। पुलिया का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को खेत खलिहान स्कूल कॉलेज आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय से यहां के ग्रामीणों की यह मांग थी कि उक्त नदी पर पुलिया का निर्माण हो। आज उनकी मांगों को पूरा करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे प्रयास से लोगों की एक-एक मांगो को पूरा करने का काम किया जा रहा है। इसके पूर्व कार्यक्रम को संबोधित कर वरिष्ठ भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, जिप सदस्य मोहन पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि घूरबीगण बैठा, मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि दिलीप पटवा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा अनीता गुप्ता सहित अन्य भाजपाइयों ने विधायक द्वारा किये गये कार्यों को गिनाया और कहा कि क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही जब भी डंडई प्रखंड में आते हैं, यहां के लोगों को कुछ ना कुछ सौगात लेकर जरूर आते हैं। उनके अथक प्रयास से गांव-गांव तक बिजली पहुंचाया गया। वहीं सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख कान्ति देवी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री मिथिलेश प्रसाद, मंडल उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिलबर कुमार रवि, कमलेश यादव सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

वीडी राम को भारी मतों से जीत दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र: आलोक

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़गड़। प्रखंड अंतर्गत आने भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मंडल कार्यसमिति के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, बुथ अध्यक्ष और मंडल में निवास करने वाले जिला कार्यसमिति सदस्य सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यसमिति कि बैठक को ले कर आयोजित सभा में बतौर अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से विजय दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः एक बार मजबूति के साथ भाजपा प्रत्याशी के रूप में भारी बहुमत दे कर मुझे पुनः विधायक के रूप में चुनेंगे। ताकि आपकी आवाज बन कर मैं विधानसभा में खड़ा रह सकु। विधायक ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल कि उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बड़गड़ प्रखंड वासियों का चिर प्रतीक्षित मांग छत्तीसगढ़ राज्य से जोड़ने वाली उगरा गांव स्थित कनहर नदी पर 11 करोड़ की लागत से बनने वाली उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति देकर निर्माण कार्य चालू कराया गया है। उन्होंने कहा कि हम जिन योजनाओं का शिलान्यास करते हैं इसका उद्घाटन भी खुद ही करते हैं। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान वर्तमान सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार है। बुआ आवास योजना में अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से तीस से चालीस हजार रुपये की वसूली की जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी, बड़गड़ प्रभारी रूप निरंजन सिंह, भूषण सिंह रामकरेस चौरसिया के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता रामचंद्र सिंह, सुनिता देवी, बसंत सोनी, गोरख प्रसाद, ईश्वरी प्रसाद, रमेश प्रसाद, गोपाल, परसुराम , परमान, बीरनाथ आदि उपस्थित थे।

ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा गढ़वा पहुंची

गढ़वा (आजाद सिपाही)। ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड राज्य के राजधानी रांची से चलकर गढ़वा जिला के बरडीहा प्रखंड के जीका बुकचम, जात्रो बंजारी गांव में पहुंचा। मौके पर मंच के पदाधिकारी अमर प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा और ओबीसी आबादी 60% से अधिक है फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी को एकमात्र 14% आरक्षण की व्यवस्था लागू की गयी है, जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52% आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है। सदस्य पिंटू यादव ने कहा कि चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था सभी में 52% आरक्षण की व्यवस्था हो, साथ ही सभी ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कर उन्हें पढ़ने के लिए ओबीसी छात्रावास की व्यवस्था हर जिले में हो।

80 कावड़ियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड से 80 कावड़ियों का जत्था देवघर बाबा धाम के लिए शिव मंदिर के विशेष पूजा-अर्चना के बाद रवाना हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने भगवा झंडा दिखाकर सभी कावरिया को रवाना किया। मौके पर बोलते हुए श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कांवरिया बम क्षेत्र में शांति और भाईचारा की दुआ करेंगे। उन्होंने सभी को यात्रा की शुभकानाएं दी। साथ ही उन्होंने सभी कांवरियां बम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर बरडीहा प्रखंड के मंडल अध्यक्ष संजय कुमार यादव, मझिआंव प्रखंड नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, अरविंद रजवार, बबलू यादव, बैजनाथ ठाकुर, बजरंगी ठाकुर, मुन्ना ठाकुर, शंभू चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनने से भवनाथपुर क्षेत्र ही नहीं पूरा जिला विकसित हो जायेगा : व्यावसायिक संघ

भवनाथपुर। पलामू सांसद वीडी राम द्वारा भवनाथपुर में औद्योगिक नगरी के लिए लोकसभा में अपनी बात रखने पर भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया है। कहा कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनने से भवनाथपुर क्षेत्र ही नहीं पूरे गढ़वा जिला विकसित हो जायेगा, इसके बनने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा, इसका प्रभाव यहां पर बाजार में भी देखने को मिलेगा। अभी व्यवसाय की ऐसी स्थिति है कि लोग अपना व्यवसाय छोड़कर पलायन करने को मजबूर होते जा रहे हैं, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर लग जाने से लोगों की आय बढ़ेगी और आय बढ़ने से उनकी जरूरतें पूरी होगी। सांसद वीडी राम ने संसद में जैसा बताया कि झारखंड सरकार भवनाथपुर से बोकारो स्थानांतरित करने में पूरी कोशिश में है, जबकि किसी भी उद्योग की मूलभूत चीज भवनाथपुर में उपलब्ध है। भवनाथपुर में 1180 हेक्टेयर जमीन है जबकि बोकारो में लगभग 700 हेक्टेयर ही जमीन उपलब्ध है। भवनाथपुर व्यवसायिक संघ ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही से आग्रह किया कि आप इस मामले को विधानसभा में पूरजोर तरीके से उठाकर भवनाथपुर में औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित करें साथ ही पलामू लोकसभा अंतर्गत सभी विधायक आलोक चौरसिया, रामचंद्र चंद्रवंशी, शशि भूषण मेहता, झारखंड सरकार में मंत्री मिथलेश ठाकुर और अन्य से भी आग्रह किया कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पूरे पलामू प्रमंडल की जनता के लिए आवश्यक है। संघ के सदस्यों ने कहा कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर हम सभी के लिए भी सही है, और इस क्षेत्र के विधायक और मंत्री के लिए भी सही रहेगा। मौके पर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष अवध किशोर गुप्ता, विवेक गुप्ता, शशि भूषण शर्मा, दुर्गेश सहित अन्य उपस्थित थे।

24 सदस्यीय जिला टेबल टेनिस टीम रांची के लिए रवाना

गढ़वा (आजाद सिपाही)। रांची में शुक्रवार से आयोजित सेकेंड झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 24 सदस्यीय टीम को संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देकर खिलाड़ियों को रवाना किया। इस मौके पर अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे हैं, उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे हैं। प्रतियोगिता में जिला को चैंपियन बनाने के साथ साथ चैंपियन बनकर आयें। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता को लेकर बेहतर तैयारी की है, पहले की अपेक्षा टीम इस बार बेहतर करेगी। 24 सदस्यीय टीम में अमल, अनूप, अमन, अनिमेष, कार्तिक, नितीश, हर्षित, सचिन, रोहन, मयंक, पलक, अंजली, आयुषी, आयुषी पांडेय, अभिजीत, आशिता, अनिल, मानवी, वर्षा रानी और अंशु को शामिल किया गया है।

उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त 2024) के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यक्रम स्थल का चयन करते हुए झंडोत्तोलन कार्यक्रम, मुख्य समारोह स्थल पर मंच का निर्माण, मुख्य समारोह स्थल के मंच पर बैठने की व्यवस्था, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड का मुद्रण और वितरण और अन्य तैयारियों को लेकर कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार करते हुए उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिये गये। इसके अलावा निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम गोविंद इंटर कॉलेज (टाउन हॉल) गढ़वा के मैदान में प्रातः 09 बजकर 01 मिनट में किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के दिन कई अन्य सरकारी स्थानों पर भी झंडोत्तोलन और राष्ट्रगान कार्यक्रम किया जायेगा, इनमें उपायुक्त आवासीय कार्यालय में प्रातः 08:05 बजे, समाहरणालय गढ़वा में प्रातः 10:20, जिला परिषद कार्यालय में 10:35, अनुमंडल कार्यालय गढ़वा में प्रातः 10:50, नगर परिषद कार्यालय गढ़वा में प्रातः 11:00, पुलिस लाइन गढ़वा में प्रातः 11:30 बजे का समय निर्धारित है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशासन और मीडिया/जन प्रतिनिधि के बीच अपराह्न 02:00 बजे से फुटबॉल मैच का आयोजन नव निर्मित फुटबॉल स्टेडीयम गढ़वा के मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को संध्या 06 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल, गढ़वा में किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर उपायुक्त ने अतिथियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के दिन ट्रैफिक और नो एंट्री को लेकर भी उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल और शहर की साफ सफाई को लेकर उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को आवश्यक निर्देश दिया।

परेड को लेकर उपायुक्त ने अच्छे से पूर्वाभ्यास करने को कहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय गायक और गायिका को आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस के दिन जेएसएलपीएस की दीदियों को भी तिरंगे के साथ प्रभात फेरी निकालने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, कमांडेंट सीआरपीएफ-172 बटालियन, जिला परिषद उपाध्यक्ष, निदेशक डीआरडीए अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, स्थापना उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या– WRD/MID/GUMLA/ F_2- 07/2024-25 (3 Call) दिनांक – 25.07.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 01.08.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.08.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.08.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

क्र0	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधी
1	2	3	4	5	6	7
1	लतरा झपराटोली नाला में चेकडैम निर्माण कार्य।	कामडारा	6893000.00	137900.00	10000.00	11 माह

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 330749 Minor Irrigation (24-25)_D लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :–04/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 24.07.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विवरणी :–

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	RWD/HAZ/STP KG/02/2024-25	बरही	डी0ए0भी0 स्कूल से कारीमाटी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.850 कि0मी0)	12,74,69,050/-	बारह करोड़ चौहत्तर लाख उनहत्तर हजार पचास रुपये मात्र	15 (पन्द्रह) माह
		बरही	खोडाहर से केदारुत तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–5.100 कि0मी0)			
		बरही	जी0टी0 रोड से पुरहारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.100 कि0मी0)			
		बरही	डी0ए0भी0 स्कूल से पडीरमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.100 कि0मी0)			
		बरही	तिलैया से कोल्हुआकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–6.150 कि0मी0)			
		पदमा	केवला मोड से बरदेवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.750 कि0मी0)			

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–01.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–10.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–12.08.2024 पूर्वाहन् 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
PR 330717 Rural Work Department(24-25).D ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

Government of Jharkhand Urban Development Department Latehar Nagar Panchayat , Latehar

e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)
NIT No. - UDD/LNP/09/2023-24 (4th call)
Notice No. - Date –

S.L. No.	Tender ID	Name of Work	Estimated Cost	Earnest Money	Tender Fee	Completion of Work
शहरी परिवहन मद से						
1	07/LNP/09/2023-24(4th call)	वार्ड सं0 07 सत्येन्द्र पासवान के धर से अंशु आदव के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य।	1013900.00	20300.00	5000.00	दो माह
2	08/LNP/09/2023-24(4th call)	वार्ड सं0 09 में वैष्णों माता मंदीर के बगल से बरगद वृक्ष होते हुए मेनरोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य।	380100.00	7700.00	1000.00	एक माह
नागरीक सुविधा मद से						
3	16/LNP/09/2023-24(4th call)	वार्ड सं0 04 में रियाज अंसारी के धर से जाहिर खान के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य।	650900.00	13100.00	5000.00	दो माह
4	18/LNP/09/2023-24(4th call)	वार्ड सं0 08 में पुस्तक महल से मिश्रा जी के धर होते हुए राजकिशोर प्रसाद के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य।	1033600.00	20700.00	5000.00	दो माह
5	Date of Publication of Tender on website		26.07.2024 at 11:00 AM			
6	Mode of Submission of bids		E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in			
7	Date start of submission of bids		27.07.2024 at 11:30 am			
8	Last Date/Time of submission of bids		01.08.2024 upto 03:00 pm			
9	Date of Technical & Financial Bid opening (online)		03.08.2024 upto 05.00 pm			
10	Name & Address of office inviting tender		Executive officer Nagar Panchayat, Latehar			
11	Contact No. of Procurement officer		9308707021/ 8789131804			
12	Helpline number of e-Procurement cell		9308707021/ 8789131804			

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
PR.NO.330746 Urban Development(24-25):D Nagar Panchayat, Latehar

सिविल सर्जन का कार्यालय, रामगढ़

Phone/Fax: 06553-231472. Email : csramgarh@yahoo.co.in

विज्ञापन संख्या 120 (NUHM) **Walk in Interview** रामगढ़ / दिनांक 25 / 07 / 2024

रामगढ़ जिलान्तर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे अटल मोहल्ला क्लिनिकों के लिये Part Time चिकित्सकों की आवश्यकता है। चिकित्सको को सूचीबद्ध करने हेतु Walk In Interview दिनांक 07.08.2024 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय निर्धारित की जाती है। अटल क्लिनिक के लिए चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता निम्नांकित है।

क) चिकित्सक (एम0बी0बी0एस0) :–

कं0 सं0	विवरणी	अटल मोहल्ला क्लिनिक हेतु आवश्यक अर्हता
1	न्युनतम शैक्षणिक योग्यता	मेडिकल कांउसिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम०बी०बी०एस० की डिग्री ।
2	उम्र सीमा	अधिकतम 67 वर्ष / सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र के आधार पर अधिकतम 70 वर्ष के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैद्यता मात्र एक वर्ष के लिए मान्य होगा ।
3	मानदेय	रु 1400 (चौदह सौ रुपये मात्र) चार घंटे के लिए (एकल पाली में) प्रति दिन X 26 दिन प्रति माह अधिकतम
4	कार्यावधी	प्रातः 08:00 बजे से 12 बजे मध्यान तक ओ०पी०डी० संचालित होगा एवं गुरुवार को अवकाश होगा।
5	सूचीबद्ध किए गये चिकित्सकों के द्वारा भविष्य में नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।	

ख) चिकित्सक (आयुष) :–

कं0 सं0	विवरणी	अटल मोहल्ला क्लिनिक हेतु आवश्यक अर्हता
1	न्युनतम शैक्षणिक योग्यता	Medical Council of India से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से BHMS/BUMS/BAMS Degree
2	उम्र सीमा	अधिकतम 60 वर्ष
3	मानदेय	रू 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) प्रति माह अधिकतम
4	कार्यावधी	प्रातः 08:00 बजे से 12 बजे मध्यान तक ओ०पी०डी० संचालित होगा एवं गुरुवार को अवकाश होगा।
5	सूचीबद्ध किए गये चिकित्सकों के द्वारा भविष्य में नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।	

नोट :– अटल क्लिनिक के लिए सूचीवद्ध चिकित्सको के द्वारा किया जाने वाला कार्य :–
1. कुल रिक्तिया :– क) चिकित्सक (एम0बी0बी0एस0) :– 02 (दो) (हेसला / अरगड्डा)
ख) चिकित्सक (आयुश) :– 01 (एक) (बोंगाबार)
2. निर्धारित समयावधि में ओ०पी०डी० का संचालन, गैर संचारी रोगों का प्राथमिकी स्क्रीनिंग।
3. अन्य सरकारी / गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानो के साथ मतन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
4. टीकाकरण सेवायें उपलब्ध कराना, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोतर सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
5. परिवार नियोजन– परामर्श एवं गर्भ निरोधक सेवायें की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
6. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यक्रमों / योजनाओं का प्रतिवेदन ससमय निकटतम शहरी प्राथमिक स्वास्य केन्द्रों तक उपलब्ध कराना।
7. विभाग के द्वारा दिए गए आदेश / निर्देशो का पालन करना।

इच्छुक चिकित्सा पदाधिकारी दिनांक 07.08.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ Walk In Interview हेतु उपस्थित हो सकते है।

ह०/–
असैनिक शल्य चिकित्सक
PR 330738 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

भाकपा माओवादी के बंद का दिखा मिला-जुला असर

बंद को लेकर बचरा साइडिंग में खड़ी मशीन।

सीएचपी से बचरा साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम रहा बंद

आजाद सिपाहीस संवाददाता

पिपरवार। नक्सली संगठन भाजपा माओवादी के द्वारा आहूत झारखंड बंद का सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मिला-जुला असर देखने को मिला। पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में अधिकांश दुकानें और पेट्रोल पंप खुली रही, जबकि बैंक और पोस्ट ऑफिस में रोज की तरह काम जारी रहा। वहीं लंबी दूरी की बसों का परिचालन कम प्रत्येक दिन की अपेक्षा कम रही। इधर बंद का सबसे ज्यादा असर सीसीएल के कार्यों पर देखा गया। पिपरवार के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से लेकर बचरा साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलायी का काम पूरी तरह से बंद रहा, जिसके कारण ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं बचरा रेलवे साइडिंग में लोडिंग और डिस्पैच का काम पूरी तरह से ठप रहा, जिसके कारण साइडिंग में भी सन्नाटा पसरा रहा। बंदी को लेकर बचरा रेलवे साइडिंग में दिन भर हाईवा डंपर और मशीन जहां-तहां खड़ी रही। बंद को लेकर स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के सभी परियोजना कार्यालय, पीट ऑफिस और साइडिंग परिसर में सीआईएसएफ और सिक्योरिटी के जवानों को सुरक्षा मे तैनात किया गया था। वहीं स्थानीय पिपरवार पुलिस भी पूरे इलाके में दिन भर गस्त करती रही। पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय थाना क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

खलारी कोयलांचल में माओवादी बंदी का ट्रांसपोर्टिंग पर दिखा असर

बंद के दौरान डकरा साइडिंग।

खलारी (आजाद सिपाही)। भाकपा माओवादियों द्वारा आहूत गुरूवार को इनामी नक्सली नेता विवेक की पत्नी जया हेंब्रम सहित तीन अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के विरोध में बुलाया गया झारखंड बंद का असर खलारी कोयलांचल में सिर्फ ट्रांसपोर्टिंग के कमा पर देखा गया। सुबह में एनके क्षेत्र से विभिन्न साइडिंग के लिए होने वाली कोयला ढुलायी का काम चार बजे तक बंद था जो चार बजे के बाद चालू हो गया। वहीं खलारी से चलने वाली सभी यात्री बसें, टेंपो आदि वाहनों का परिचालन सामान्य दिनों की तरह रहा। क्षेत्र के सभी हाट बाजार, स्कूल, बैंक सहित सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्था प्रतिदिन की तरह खुले रहे और सामान्य रूप से कार्य चला। एनके क्षेत्र की केडीएच और डकरा साइडिंग में भी रैक में कोयला लोडिंग का कार्य चार बजे के बाद से शुरू हो गया। इधर बंद को लेकर खलारी पुलिस द्वारा क्षेत्र में कई जगहों पर लगातार पेट्रोलिंग किया गया।

तमाड़ और अड़की प्रखंड में दिखा बंद का व्यापक असर

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ और अड़की प्रखंड में माओवादियों की बंद का व्यापक असर देखा गया। रांची-टाटा पथ और तमाड़ खुटी पथ पर गाड़ियों का परिचालन नहीं के बराबर हुआ। तमाड़ बाजार की एक भी दुकानें खुली हुई नहीं थी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। गांव से चलने वाली छोटी बड़ी एक भी गाडियां नहीं चली। चाय दुकान से लेकर पान दुकान तक सब बंद थे। बैंक सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में उपस्थित नगण्य थी।

ईचागढ़ में नक्सली बंदी का रहा मिला-जुला असर

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। थाना क्षेत्र में गुरुवार को बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी द्वारा आहूत एकदिवसीय नक्सली बंदी का मिला जुला असर रहा। सुबह को मिलन चौक से टाटा रांची जाने वाली बस नहीं खुली। सिल्ली रंगामाटी सड़क पर दूसरे दिन की भांति सुबह से ही गाड़ी कम दिखायी दी। मिलन चौक में सुबह से कुछ होटल, राशन दुकान, फल दुकान बंद रहा तो कुछ दुकान दिन भर खुले रहा। बैंक तथा पेट्रोल पम्प दिन भर बंद रहा। ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडेय ने बताया कि नक्सली के द्वारा इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के घटना का इंतजाम नहीं दिया गया है, उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा दिन भर सड़कों पर गस्ती कर भ्रमण कर रहे थे।

बुंडू में जया की गिरफ्तारी को लेकर बंद असरदार

बुंडू। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी नेता जया की गिरफ्तारी को लेकर बंद को लेकर गुरुवार को पूरे बुंडू क्षेत्र में बंदी का व्यापक असर रहा। बुंडू बस स्टैंड से रांची-खूंटी-रामगढ़-पुरुलिया-टाटा जाने वाली एक भी बस नहीं खुली। वहीं बुंडू बाजार के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बन रहे। निजी स्कूलों को भी बंद रखा गया। ग्रामीण सड़क पर सन्नाटा पसरा रहा, वहीं रांची टाटा रोड पर वाहनों का आगमन काफी कम रही, इससे लाखों रुपये की आय व्यय पर असर पड़ा। इधर बंद के मध्ये नजर अनुमंडल पुलिस प्रशासन की ओर से पेट्रोलिंग गाड़ी लगातार गश्ती करते देखा गया। समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की समाचार नहीं है।

सर्पदंश से बाड़ी निचकेल पंचायत की मुखिया की मौत

अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की थाना क्षेत्र के बाड़ी निजकेल पंचायत की मुखिया मरियम देवी की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गयी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात खाना पीना खाकर जब परिवार वाले सो रहे थे, इसी दौरान मुखिया के पति रेजन मुंडा ने मच्छरदानी के अंदर एक जहरीले सांप को देखा और किसी तरह से सांप को भगाया गया, पर उन्हें ये नहीं मालूम था कि सांप ने मुखिया मरियम देवी को काट लिया है। जब सुबह घरेलू काम काज खत्म करने के बाद लगभग नौ बजे मुखिया मरियम देवी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी परिवार वालों गांव में ही उसका इलाज कराया पर दोपहर दो बजे के करीब मुखिया मरियम देवी ने दम तोड़ दिया और उसकी दुखद मृत्यु हो गयी। इधर घटना की सूचना प्राप्त होते ही अड़की पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और अग्रतर कार्रवाई में जुटी है। बताते चलें की बाड़ीनिजकेल वहीं पंचायत है, जिसके अंतर्गत उलिहातु गांव आता है जहां भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था।

क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स में खूंटी के बच्चों ने सर्वाधिक 15 पदक जीते

खूंटी (आजाद सिपाही)। डीएवी हेहल रांची में 23 और 24 जुलाई को आयोजित क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स 2024 में डीएवी स्कूल खूंटी के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12 गोल्ड सहित सर्वाधिक 15 पदक जीत कर स्कूल का मान बढ़ाया। विद्यालय के खेल शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह और टीम के साथ गये शिक्षक चंदन कुमार और नीति प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल सात टीमें शामिल हुई थी, जिसमें अकेले 15 पदक जीतकर डीएवी खूंटी की टीम अव्वल रही। प्रतियोगिता के वालीबॉल स्पर्धा में डीएवी खूंटी उपविजेता टीम रही। डीएवी खूंटी के प्रतिभागियों में शिवानी, अर्चना, रचित, प्रवीण, कृष्णा, हर्ष, आलीशान, ऋषभ और अक्षत का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर प्राचार्य मनोजेश्वर कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

विश्व हिंदू परिषद ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में आये दिनों हो रहे गोवंश तस्करी को रोकने के संबंध में गुरुवार शाम को ईचागढ़ थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ईचागढ़ क्षेत्र से होकर गो हत्या के उद्देश्य से बड़े पैमाने में गोवंश तस्करी कर बंगाल ले जाया जा रहा है। भोले भाले ग्रामीणों को बहला फुसलाकर इस कार्य के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। विहिप ने अनुमंडल पदाधिकारी से मांग किया कि इन थाना क्षेत्र से होकर पं बंगाल में हो रहे गोवंश तस्करों को रोके और उनके संरक्षकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करें। इस मौके पर गोरक्षा संवर्धन परिषद के प्रांत अध्यक्ष सुजीत साहु, मिथिलेश महतो, उमाकांत महतो, मालू महतो, कामदेव नायक, विजय गोराई उपस्थित थे।

फरार नक्सली टेबो टोपनो रनिया से गिरफ्तार

खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के फरार नक्सली डेबा टोपनो उर्फ सूर्या को रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। डेबा टोपनो के खिलाफ सिमडेगा जिले के जलडेगा थाने में 2017 में नक्सली गतिविधियों को लेकर मामला दर्ज है। डेबा टोपनो सात वर्षों के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है। नक्सली की गिरफ़्तारी के पश्चात वरीय पदाधिकारी को सूचित किया और बांसजोर ओपी पुलिस को रनिया बुलाकर डेबो टोपनो को सुपुर्द कर दिया गया, जहां से न्यायायिक अभिरक्षा में उसे सिमडेगा जेल भेज दिया गया।

राजकीयकृत मध्य विद्यालय डकरा के विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

अध्यक्ष ज्योति किंड़ो और उपाध्यक्ष राजू साव बने

खलारी (आजाद सिपाही)। राजकीयकृत मध्य विद्यालय डकरा में गुरूवार को चुरी मध्य पंचायत मुखिया सुनीता देवी तथा पर्यवेक्षक मनोज कुमार मिश्र की उपस्थिति में विभागीय निर्देष पर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। साथ ही अभिभावक षिक्षक बैठक का भी किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के रूप में ज्योति किंडो तथा उपाध्यक्ष के रूप में राजू साव का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह के अलावा षिक्षक आदर्ष कुमारी वाजपेयी, दीपक खलखो तथा शिक्षिका शांति कुमारी, अलका टोप्पो सहित अभिभावक और अन्य लोग उपस्थित थे।

चोरी के दो आरोपी न्यायिक हिरासत में

न्यायिक हिरासत में भेजे गये दोनों आरोपी।

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस द्वारा बताया गया कि बुधवार सुबह सात बजे सीसीएल एनके एरिया के डकरा वर्कशाप के टीएमवी के पास डिउटी में तैनात सीआईएसएफ जवान शिवदयाल सिंह ने छोटू यादव निवासी साड़म (बुढ़मू) तथा आफताब राजा निवासी पातकोय (बुढ़मू) को चोरी का प्रयास करते पकड़ लिया। सीआईएसएफ द्वारा दोनो आरोपियों को खलारी थाना पुलिस को सौंप दिया गया। दोनो आरोपियों के विरूद्ध धारा 332(सी)/317(5)/3(5) बीएनएस के तहत खलारी थाना में कांड संख्या 76/2024 दर्ज किया गया है। गुरूवार को दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

महिला अत्याचार के खिलाफ 13 अगस्त को डीसी कार्यालय का घेराव करेगी भाजपा महिला मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। महिला अत्याचार के खिलाफ खूंटी जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा 13 अगस्त को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आहूत धरना तथा घेराव की तैयारी को लेकर महिला मोर्चा की गुरुवार को भाजपा के जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी आरती कुजूर ने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में महिला अत्याचार, दुष्कर्म और महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाएं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह बेहद ही संगीन विषय है, जिसे लेकर भाजपा महिलामोर्चा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना देगा और उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेगा। कुजूर ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने का काम अगर किसी ने किया है, तो वह मोदी सरकार ने किया है। यह सम्मान महिलाओं को आवास, शौचालय, महिला स्वावलंबी ट्रेनिंग आदि विभिन्न रूप में दिया गया है। रघुवर सरकार के समय महिलाओं को एक रुपये में जमीन की रजिस्ट्री का सुनहरा अवसर दिया गया थो, जिसे वर्तमान हेमंत सरकार ने बंद कर महिला विरोधी काम किया है। झारखंड महिला मोर्चा महामंत्री मंजुलता दुबे ने कहा कि इस आक्रोश प्रदर्शन में पांच हजार से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी और जिला प्रभारी रोशनी खलखो ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। ठीक इसके विपरित वर्तमान हेमंत सरकार महिला विरोधी काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती रंदय नाग औरं धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बिमला देवी ने किया। मौके पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीता देवी, प्रीति सिंह, ममता देवी, सुषमा देवी संजय साहू, विनोद नाग, मदन गोप आदि उपस्थित थे।

जरूरतमंद महिला कामगारों को निःशुल्क कानूनी सहायता देगा डालसा: राजश्री अपर्णा

खूंटी (आजाद सिपाही)। स्वयंसेवी संस्था जतन और सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के बैनर तले गुरुवार को राजस्थान भवन खूंटी में महिला कामगार और असंगठित मजदूरों की स्थिति पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन राजश्री अपर्णा कुजूर डालसा सचिव, बबन कुमार सिंह श्रम अधीक्षक और संस्था के सचिव राजेन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विषय प्रवेश कराते हुए सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यलाय के सचिव राजेन कुमार ने कहा कि झारखंड घरेलू कामगारों का हब है, जिसमें खूंटी जिला अग्रणी है। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि महिला कामगारों की जो भी समस्या कानूनी अधिकार से संबंधित हैं, उसके लिए डालसा मुफ्त में वकील और कानूनी सलाह देता है। महिला कामगारों जिनके पति जेल में हैं, उनके लिए डालसा मुफ्त में वकील मुहैया करायेगी। अरबिंद कुमार ने बताया कि श्रम सगठन के अनुसार भारत मे कुल 47 लाख घरेलू कामगार हैं, जिनमे सिर्फ महिलाये 30 लाख हैं। पिछले दो दशक में असम, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा से ज्यादा घरेलू कामगार राज्य एव और दूसरे राज्यो में जा रहे है। उनकी दयनीय स्थिति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके ऊपर मानसिक, यौनिक, मौखिक शोषण तो होता ही है। डालसा की वकील नम्रता कुमारी ने कहा कि घरेलू कामगार को एक संगठन बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में खूंटी जिले के पांच गांवों से 60 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के नीतीश सिन्हा, रेणु देवी, सुरेखा कुमारी अरबिंद कुमार ने योगदान दिया।

पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को पेड़ लगाने की जरूरत : संजीव कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार एरिया में गुरुवार से वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की गई। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के इक्को पार्क स्थित कायाकल्प वाटिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधि शामिल हुए। जानकारी के अनुसार धनबाद में केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी के द्वारा वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की गयी, जिसके बाद पिपरवार क्षेत्र में भी महाप्रबंधक संजीव कुमार सहित सभी अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर इसकी शुरूआत किया। इस दौरान कोयला मंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है। वर्तमान में सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा कोयला उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने और पर्यावरण के विस्तार पर भी काम किया जा रहा है। प्रबंधन के द्वारा कोयला खनन करने के बाद उक्त जमीन को समतलीकरण कर उस पर पेड़ लगाने का काम किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से भी पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करने की अपील की है। इस मौके पर सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस, सीएचपी पीओ धनजंय कुमार, स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक जेएन दत्ता, स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जेएसपी शर्मा, स्टाफ ऑफिसर सिविल बिपिन कुमार, स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी डीके शर्मा, स्टाफ ऑफिसर ईएंडटी आरएन गौतम, स्टाफ ऑफिसर सेफ्टी मुकेश तोषाण, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार, सत्येंद्र, श्रमिक प्रतिनिथि एसके चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने मैकलुस्कीगंज के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंच कर जांच की

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर मैकलुस्कीगंज के लपरा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नेहा प्रसाद और पारा शिक्षक नागदीप कुमार के बीच विद्यालय संबंधित विवाद के मद्देनजर रांची के अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी दीप्ति कुमारी उनके साथ सुधा रानी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी जेईपी रांची, सुरेश चैधरी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कांके को लेकर मैकलुस्कीगंज स्थित विद्यालय जांच हेतु पहुंची। उन्होंने जांच के क्रम में विद्यालय के रसोइया से लेकर सभी शिक्षक शिक्षिकाओ से पूछताछ किया। सभी से विद्यालय से संबंधित समस्याओं को लेकर अपनी-अपनी बातों को लिखित में लिया। विद्यालय के विभिन्न रजिस्टर का जांच करते हुए दोनों शिक्षकों से बात कर उनका पक्ष जाना। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कुछ त्रुटिया है, सारे मामले से जिला शिक्षा पदाधिकारी को अवगत कराया जायेगा। उनके साथ बुंडू चान्हो और खलारी से जुड़े पदाधिकारी थे।

कंटेनर ने स्कूल वैन को मारी टक्कर, आठ बच्चे घायल, एक रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। खूंटी- तोरपा मुख्य मार्ग पर चकला गांव के पास एक कंटेनर ने स्कूल वैन को ठोकर मार दी। इससे वैन में सवार आठ बच्चे घायल हो गये। सभी बच्चों को तोरपा के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, पर विपुल टोपनो नामक बच्चे को रिम्स रांची रफर कर दिया गया, जबकि दो बच्चों को सदर अस्पताल खूंटी में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चे पेलौल स्थित कैथरिन पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। जानकारी के अनुसार दोपहर दों बजे स्कूल से छुट्टी मिलने के बाद तोरपा के नौ बच्चे स्कूल वैन से घर लौट रहे थे। चकला गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक कंटेनर से वैन को ठोकर मार दी।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को रेफरल अस्पताल लाया गया। दुर्घटना के बाद चालक कंटेनर को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। घायल बच्चों में विपुल टोपनो, अंशु श्रेया, असमा होरो, प्राची कुमारी, आराध्या सुरीन, सार्थक जयसवाल, समर्थ जयसवाल के अलावा वैन का चालक रोहित आईद शामिल हैं। दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद केंं अध्यख मसीह गुड़िया तोरपा के प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कर, मुख्यिा जोन टोपनो, मुखिया विनिता नाग, प मुखिया राजू साहू, झामुमो नेता सुदीप गुड़िया, प्रदीप केसरी, भाजपा नेता संतोष जयसवाल सहित सैकड़ों लोग बच्चों का हाल समाचार जानने के लिए रेफमरल अस्पताल पहुंच गये। समाचार लिखे जाने तक एक को छोड़कर सभी बच्चे खतरे से बाहर बताये जाते हैं। दुर्घटना के कुछ समय बाद ही तोरपा से खूंटी लौट रही अपूर्वा कौल चौधरी घटनास्थल पर पहुंची और घायल तीन-चार बच्चों को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाई। जिला शिक्षा पदाधिकारी तोरपा स्थित संत अन्ना स्कूल के एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद खूंटी लौट रही थी।

किसानों के बीच उन्नत कृषि बीज का वितरण

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बरवादाग पंचायत में गुरुवार को बिरसा हरित विस्तार फसल योजना के तहत किसानों के बीच मकई एवं मूंगफली के बीज का वितरण किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव शामिल हुईं। उन्होंने कुल 36 किसानों के बीच कृषि बीज बांटे। दीपा उरांव ने कहा कि राज्य सरकार खेती को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मौके पर बीटीएम नीरा सबिता जोजो, मुखिया प्रतिनिधि, कृषक मित्र महेश कुमार आदि मौजूद थे।

ग्रामीणों में हर्ष : खिजरी विधायक ने क्षेत्र में सात पथों की दिलायी स्वीकृति

गांवों को मुख्य पथों से जोड़ कर लोगों को सुविधा दिलाना ही प्रयास : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने गुरुवार को अपनी अनुशंसा पर खिजरी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण कार्य विभाग से सात पथों की स्वीकृति दिलाई है। इसमें नामकुम प्रखंड के बुंदरी से जामचुआं एनएच-33 कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय तक 2 किमी पथ का निर्माण, अनगड़ा के कुच्चू पंचायत अंतर्गत कामता पिपरा टोली से मुंडाटोली तक 1.6 किमी पथ का निर्माण, नामकुम के राजाउलातू लाली पथ से बलिकट भाया उर्सलाइन इंटर कॉलेज तक 3.850 किमी तक पथ का निर्माण, जरा टोली स्कूल से बालीगढा तक 1.8 किमी तक पथ निर्माण, अनगड़ा के नारायण सरसो बूढ़ासराई से झरना पानी तक 1.3 किमी तक पथ निर्माण, अनगड़ा-हुंडरु पथ से चापुटोली तक 1.850 किमी पथ निर्माण, अनगड़ा के ही बीसा सिमरटोली से डहुवाटोली भाया गुदलीटोली तक 1.575 किमी तक पथ का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि स्वीकृत पथ ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी। उन्होंने अपनी चुनावी वादों को पूरा करते हुए पथ की स्वीकृति दिलाई है। कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक गांवों को मुख्य पथों से जोड़कर आम जनता को सुविधा पहुंचाया जाए। उन्होंने विभाग मंत्री डॉ इरफान अंसारी और प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए खिजरी की जनता को बधाई दी। इस दौरान ग्रामीणों ने खिजरी विधायक का आभार जताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार विकास की किरण हमारे गांवों तक पहुंची है।

मंत्री इरफान अंसारी का आभार व्यक्त करते खिजरी विधायक राजेश कच्छप।

महत्वपूर्ण न्यूज

टाटी पंचायत में विधायक मद से बनायी जानेवाली कई योजनाओं का शिलान्यास

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली विधायक सुदेश महतो के निर्देश पर प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड अंतर्गत टाटी पंचायत के रुसूजारा टोला नवाडीह में विधायक निधि से बनने वाले 350 फीट पीसीसी, बरवादाग पंचायत के हापादाग में चबूतरा, करमटांड मुंडा टोली में चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। आजसू के प्रखंड उपाध्यक्ष अमर सिंह मुंडा ने कहा कि सुदेश महतो लगातार लोगों के बुनियादी चीजों को पूरा करने की योजना धरातल पर उतार रहे हैं। जल्द ही स्टूडेंट एक्सप्रेस जोन्हा क्षेत्र से चलना प्रारंभ हो जाएगा। आजसू अपने लक्ष्य पढ़ाई, दवाई एवं न्याय की ओर अग्रसर है। झारखंड सरकार को सुदेश महतो का अनुकरण कर योजना बनानी चाहिए जिससे कमजोर तबके, वंचितों तक को लाभ मिल सके। मौके जिला सचिव शंकर बेदिया, पंचायत समिति सदस्य सुधू बेदिया, मुखिया प्रतिनिधि सह प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यनारायण मुंडा, वरिष्ठ साथी रामसिंह मुंडा, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष छूटूलाल बेदिया, पंचायत प्रभारी दीनदयाल बेदिया, छूटू मुंडा, सोनाराम मुंडा, प्रेम लाल मुंडा, सीताराम रजवार, जयप्रकाश यादव, चमन सिंह मुंडा, वासुदेव यादव, कुसुमलता देवी, सरिता देवी पंकज गुप्ता, बबलू आदि मौजूद थे।

वार्ड 47 में नाली निर्माण अधूरा, राहगीर परेशान

नामकुम (आजाद सिपाही)। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 47 अंतर्गत नामकुम खटाल के लोगों की मुश्किले बढ़ गई है। इसके पिछे का मुख्य कारण नाली निर्माण का पूरा नहीं हो पाना है। बतातें चलें कि नाली व सड़क के अभाव में यहां के लोगों को घर से बाहर निकलते ही मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दौरान रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जा चुका है। हालत यह है कि विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार छात्र-छात्राएं गिरकर घायल भी हो चुके है। यहां नाली निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन ठेकदार नाली को आधा-अधुरा छोड़ चले गए है। आजाद सिपाही से बात करते हुए नामकुम खटाल के स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली का निर्माण नगर निगम के मद से कराया जा रहा था। इस बाबत मजदूर गढ्ढा खोदकर चले गए है। जिस कारण बरसात में नई समस्या खड़ी हो गई है। एक तो हमारे खटाल में सड़क नहीं रहने के कारण काफी मुश्किलें हो रही है। दूसरी तरफ घर के सामने अर्धनिर्मित नाली होने के कारण कीचड़ और गंदगी होने से बदबू आ रही है। मच्छर पनप चुके है। ऐसे में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। यदि यहां नाली निर्माण करा दिया जाए तो लोगों को गंदगी से छूटकारा मिल जाएगा।

बेड़ो में चला मतदाता सूची में 'नाम जांचो अभियान'

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी प्रताप मिंज ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बेड़ो राजकीय कृत मध्य विद्यालय बालक में नाम जांचों अभियान का शुभारंभ किया। जहां सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति एवं प्रपत्र छह, सात व आठ के साथ बीएलओ उपस्थित थी। यहां मतदाताओं ने अपना और अपने स्वजनों के नाम का जांच किया। साथ ही सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया। वहीं, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जांचने के लिए जागरूक करना है। इसके तहत प्रखंड के सभी बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को बताया जा रहा है कि वह वोटर हेल्पलाइन ऐप और मुख्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड की वेबसाइट एवं भारत निर्वाचन आयोग के वोटर पोर्टल पर जाकर भी अपना नाम देखकर सत्यापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी अनिवार्यता यह है कि मतदाता सूची में नाम होना अगर वोटर लिस्ट में किसी का नाम नहीं है तो वह मत देने के अधिकार से वंचित हो जाता है। कहा कि अभी भी समय है लोग अपना नाम वोटर लिस्ट में जांच लें। अगर किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति है तो उसे सुधार करवा लें, ताकि मतदान के दिन कोई परेशानी ना हो। वहीं 25 जुलाई से 9 अगस्त तक दावा और आपत्ति दाखिल की जाएगी। 19 अगस्त तक दावा और आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा और 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इस दौरान 27-28 जुलाई और 3-4 अगस्त शनिवार और रविवार को विशेष अभियान चलाया जाएगा।

कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। एनएमओपीएस/झारोटेफ प्रखंड इकाई की ओर से कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय सभागार में हुआ। जिसमें प्रखंड कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की सदस्यता अभियान की गति पर भी चर्चा की गई। साथ ही संगठन की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने संकल्प लिया कि एक सितंबर को रांची में आयोजित होने वाले प्रांतीय कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इ दौरान कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, संरक्षक अध्यक्ष कुमार भागीरथ सिंह, उपाध्यक्ष विनोद कुमार एवं अरुण महतो, सचिव शमीम अख्तर, कोषाध्यक्ष मनीभुषण बाखला को बनाया गया। इस मौके पर प्रदेश संगठन सचिव सुनील नायक, रांची जिला अध्यक्ष मो क्यामुद्दीन खान, जिला उपाध्यक्ष इमाम उल हक, प्रखंड संरक्षक सतीश बड़ाईक, कमर रशीद, विनोद कुमार, शमीम अख्तर, अरुण, राजेंद्र कुमार, मेहर परवीन, स्वाती कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि उपस्थित थे।

रामपुर पंचायत के जरेया में आजसू का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन का हुआ आयोजन

नामकुम (आजाद सिपाही)। रामपुर पंचायत के जरेया में गुरुवार को ग्राम प्रभारी गीता देवी एवं निरंजन महतो की अगुवाई में आजसू के चूल्हा प्रमुख सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आजसू माटी की पार्टी है। झारखंड स्वाभाविक या विरासत में नहीं मिली है। पार्टी के आंदोलनकारियों के शहादत और आंदोलन की देन है। जब तक झारखंड राज्य का नव निर्माण या सर्वांगीण विकास नहीं हो जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इसमें महिलाओं की भूमिका अहम है। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, महिला मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, सचिव वीणा देवी, महादेव मुंडा, शिवनारायण सिंह बिंझिया, चमरा बिंहा, बुधराम मुंडा, जीत कुमार नाग, मोतीलाल सिंह बिंझिया, छेदीय मुंडा, चमरा मुंडा, दुर्गा महतो, बुधराम मुंडा, चमरा विन्हा, किरण देवी, बूधन मुंडा, ममता देवी, लखीमणी देवी, तारा देवी, शानी देवी, मूर्तमणी देवी, कुवांरी देवी, बुधेश्वरी देवी, उर्मिला देवी, विनीता देवी, आरती देवी, ममता सिंह मुंडा, रतनी बला, सोमारी देवी, क्रिति देवी, रेशमा मुंडा, बुधनी देवी आदि लोग उपस्थित थे।

इटकी के 49 मतदान केंद्रों पर मतदाता पुर्णनिरीक्षण कार्य शुरू

इटकी (आजाद सिपाही)। प्रखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को मतदाता पुर्णनिरीक्षण कार्य शुरू कर दी गई है। नौ पंचायत वाले प्रखण्ड के 49 मतदाता केंद्रों पर गुरुवार से 20 अगस्त तक मतदाता पूर्णनिरीक्षण कार्य चलाया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक शनिवार को आयोजित विशेष कैंप में मतदाता अपना नाम दर्ज करा सकते है। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी योग्य नागरिक का निबंधन सुनिश्चित करने के लिए अपना आवेदन समिट कर मतदाता सूची में अपना नाम का दावा कर सकते है। एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप का प्रकाशन 20 अगस्त को होगा। मतदाता पुर्णनिरीक्षण कार्य बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग के नेतृत्व में सभी बीएलओं के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने सभी योग्य लोगों से अपना नाम जांचने व जुड़वाने की अपील की है।

मिट्टी के दलदल में बदल चुकी सड़क पर धनरोपनी कर ग्रामीणों ने जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। सड़क की जर्जर हालत से नाराज ग्रामीणों ने मिट्टी के दलदल में तब्दील हो चुके रातू प्रखंड के ब्लॉक से इल्यास आजाद अस्पताल जाने वाली सड़क पर गुरुवार को धान रोपकर नाराजगी जताई। हटिया विधानसभा के आजसू प्रभारी भरत कांसी व जिप अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व में आयोजित धनरोपनी के दौरान सरकार, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का विरोध किया गया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सांसद, विधायक व पंचायत प्रतिनिधियों का विरोध करते हुए बीच सड़क पर धानरोपनी किया। इस अवसर पर प्रशासन व जन प्रतनिधियो की अनदेखी को लेकर जमकर नारेबाजी भी जाहिर की गयी। ग्रामीणों ने हटिया विधायक, सांसद व मुखिया के खिलाफ जमकर नाराजगी जतायी।

ग्रामीणों के अनुसार ब्लॉक रोड से एनएच 75 को जोड़ने वाली करीब एक किलोमीटर तक सड़क दलदल में तब्दील हो चुकी है। वाहन तो इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार ग्रामीणों द्वारा ब्लॉक से लेकर विधायक व सासंद से भी सड़क बनवाने को लेकर गुहार लगाई गई। पर किसी ने उनकी एक न सुनी। इससे पूर्व आजसू के भरत कांसी ने अपने निजी फंड से गड्ढे में मोरम भरकर चलने लायक बनाया था। पर बड़े-बड़े वाहनों के गुजरने के कारण सड़क में फिर से गड्ढे हो गये है। भरत कांसी ने एक सप्ताह के अंदर रोड नहीं बनाये जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर बिना सिंह, अन्नू देवी, रीता गुप्ता, रूपा देवी, अर्जुन महतो, किशन काशी, प्रेम सिंह, धनिष कुमार, चेतन गोप, संतोष घोष, मोहित जायसवाल, विशाल साहू, देवेंद्र पाहन, सुनील मुंडा,मुकेश साहू, जितेंद्र कांशी, प्रदीप पटेल, अजय महतो, अरविंद मुंडा और राजेश शर्मा आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

फ्लाइओवर निर्माण कार्य को लेकर हटाया गया अतिक्रमण, राशि भुगतान नहीं होने पर विरोध

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। शास्त्री चौक दड़दाग में फ्लाईओवर निर्माण होना है। जिसे लेकर नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उसे लेकर अधिग्रहित भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए एनएचएआई, भू अर्जन और फ्लाईओवर निर्माण करा रही हजारीबाग टोल वे के अधिकारी और कर्मचारियों का एक दल पहुंचा था। बांके बिहारी मार्केट के लक्ष्मी नारायण महतो, जय प्रकाश साहू का भुगतान नहीं होने पर अतिक्रमण हटाने का विरोध भी किया गया। एनएचएआई और भू-अर्जन के अधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। कहा कि आपके मुआवजा की राशि ट्रेजरी में जमा है। अलीमुद्दीन अंसारी उर्फ ननका भी मुआवजा नहीं मिलने की फरियाद अधिकारियों से कर रहे थे। जय प्रकाश साहू और उनकी पत्नी भू अर्जन के अमीन जमील अंसारी और एनएचएआई के गौरव कुमार पर पैसा मांगने का आरोप लगा रहे थे। दोनों के खिलाफ हाईकोर्ट में केस दर्ज करने की बात कही।

100 रुपये किलो बालू बेचकर सरकार का विरोध

नामकुम (आजाद सिपाही)। झारखंड में ब्लैक में बालू मिलने से आम लोग बेहद परेशान हैं। जबकि मजदूरों को भी काम नही मिल रहा है। इस कारण मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रांची समेत राज्य भर में बालू की भारी किल्लत हो गई है। गुरुवार को नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन चौक पर भाजपा नेता प्रभुदयाल बड़ाईक के नेतृत्व में दर्जनों मजदूरों ने 100 रुपए किलो बालू बेचकर झारखंड सरकार का विरोध किया। प्रभुदयाल ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार में आदिवासी, दलितों एवं मजदूरों का बुरा हाल है। राज्य सरकार गरीबों को अबुआ आवास देने का वादा कर रही है, लेकिन बालू मिलने की कोई गारंटी नहीं है। दूसरी तरफ रात के अंधेरे में तस्कर हाईवा-ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से अवैध तरीके से बालू की ढुलाई कर रहे है। जिस कारण 3 हजार रुपए मिलने वाली 100 सीएफटी बालू के लिए अब आम लोगों से 10 से 15 हजार रुपए लिए जा रहे है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो, बड़का पाहन, अनुज सिंह, महावीर नायक, संजय शर्मा, बिरसा कच्छप के साथ अन्य मजदूर उपस्थित थे।

झारखंड के वरिष्ठ नागरिक भाजपा समर्थक मंच का नया अध्यक्ष चुने गये अदांकी मोहन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्वी रेलवे वर्कशॉप से सीनियर सेक्शन इंजीनियर पद से सेवा निवृत्त अदांकी मोहन को वरिष्ठ नागरिक भाजपा समर्थक मंच के झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष चुना गया। जबकि कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी एससीएस राव को सौंपी गयी है। अदांकी मोहन ने पदभार ग्रहण के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरूषोत्तम नारायण श्रीवास्तव के निर्देश, वरिष्ठ नागरिक मोर्चा के अध्यक्ष श्रीरिपि चिन्ना सुब्बा राव की अनुशंशा व पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का आभार व्यक्त किया। कहा कि उन्हें दो जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उसका निष्ठा के साथ निर्वाह करूंगा। वरिष्ठ नागरिकों के बीच भाजपा के समर्थन और मोदी जी के विजन को मजबूत करना ही मेरा मुख्य कार्य होगा। जल्द ही प्रदेश, जिला, प्रखंड व शहर कमेटी का गठन किया जाएगा, ताकि झारखंड में मोदी जी के विजन को घर-घर तक पहुंचाया जा सके।

कांवरियों के जत्था को किया गया रवाना

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी स्थित मनोकामना नगर क्षेत्र से कांवरियों का एक जत्था शिवम स्वराज, रोशन कुमार, सोनू कुमार, अनुज कुमार, नितेश, ज्ञान, अरविंद, विकास, पंकज और बजरंग कुमार महतो आदि की अगुवाई में भोगवान भोनेलाथ की नगरी के लिए रवाना हुआ। जो राजगीर होते हुए सुल्तानगंज से जल उठाकर बाबा बैद्यनाथ धाम और बाबा बासुकीनाथ में जलाभिषेक करेंगे। सभी कवारियों को नारो के पूर्व पंसस रामेश्वर महतो , राज कुमार महतो, रघुनंदन महतो और किशोर महतो ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। वहीं, नगड़ी महतो और नारो महतो टोली से 31 युवाओं का जत्था रवाना हुआ।

सरला बिरला के विद्यार्थियों ने उषा मार्टिन के सीएसआर गांवों का किया भ्रमण

कृषि से ही गांवों का विकास संभव : डॉ मयंक मुरारी

किया कृषि में नवीन तकनीक के सफल प्रयोग का अवलोकन

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। कंपनी महाप्रबंधक एवं सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाकर ही गांवों का विकास संभव है। इसके लिए उषा मार्टिन कृषि में प्रगतिशील किसानों के साथ नवीन तकनीक का सफल प्रयोग करा रही है, ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें। वे गुरुवार को हेसल गांव में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 के छात्रों का कंपनी के सीएसआर गांव में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान संबोधित कर रहे थे। डॉ मयंक मुरारी ने छात्रों को सीएसआर के माध्यम से 18 गांवों में चलाए जा रहे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारन्मुख प्रशिक्षण, आधारभूत संरचना विकास, सौर ऊर्जा, बागवानी विकास आदि कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में एकीकृत योजना के तहत किसानों को मिलने वाले लाभ मृदा जांच, पॉलीनेट, ड्रीप इरिगेशन, सोलर पैनल आदि को ऑन स्पॉट दिखाया एवं बताया गया। कृषि विशेषज्ञ शचींद्र कुमार ने छात्रों को मृदा जांच के तरीकों के बारे में प्रायोगिक जानकारी उपलब्ध करायी। उन्होंने संरक्षित खेती एवं मिश्रित खेती के लाभ एवं उपयोग की जानकारी दी। साथ ही छात्रों को पॉलिनेट के माध्यम से कंट्रोल टैंपरेचर में उत्तम फसल पाने के तरीकों को बताया। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से ग्राफ्टेड प्लांट किसानों को दिया गया है। इससे उन्हें आर्थिक लाभ में विशेष मदद मिल रहा है। एसबीपीएस के शिक्षक प्रभंजन कुमार ने कहा कि खेती में नवीन तकनीक का प्रयोग विकास की गति को बढ़ायेगा। वहीं, शिक्षक संजय कुमार एवं प्रशांत कुमार पांडेय तथा मैताली रॉय ने गांव में रोजगारन्मुखी खेती को काफी सराहा। कहा कि इससे स्कूल के छात्रों को सीखने का अनुभव प्राप्त होगा। यह सीखने का बेहतर तरीका है। इस अवसर पर जानुम के किसान गोवर्धन मुंडा, मासु के किसान प्रेमनाथ महतो, हेसल के किसान ईश्वर महतो ने कृषि कार्य में अपनी सफलता की यात्रा को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि उषा मार्टिन के सहयोग से ही यह सब सफल हो पाया है। इस अवसर पर 150 से अधिक विद्यार्थियों के अलावा बड़ी संख्या में गांव के किसान, फॉउंडेशन के फिल्ड सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

टेक्नोलॉजी का कृषि में उपयोग सराहनीय : परमजीत कौर

सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि उषा मार्टिन फॉउंडेशन का कृषि कार्यों में टेक्नोलॉजी का प्रयोग सराहनीय है। इससे कृषि में आमूलचूल परिवर्तन आयेगा। यह क्षेत्र किसानों के लिए न केवल लाभकारी होगी बल्कि परंपरागत खेती करनेवाले किसानों के लिए भी प्रेरणा मिलेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्रों को एक्सपेरिमेंटल लर्निंग से सबसे ज्यादा लाभ होगा।

कार के धक्के से बाइक सवार तीन युवक घायल

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के करांजी पेट्रोल पंप के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक स्विफ्ट डिजायर कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में लोहरदगा रघु टोली निवासी 17 वर्षीय अंकित उरांव पिता सुधवा उरांव व मदई बेयासी नरकोपी निवासी 18 वर्षीय रमेश उरांव पिता बबलू उरांव और 21 वर्षीय शाहवीर उरांव पिता एन्चु उरांव उरांव है। जिन्हें पूर्व पंसस अमीन अंसारी व बेड़ो थाना पुलिस के एसआई रौशन झा ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा भावना की देखरेख में तीनों घायलों का इलाज किया गया। वही पुलिस ने घटना स्थल से कार को बरामद कर लिया।

दिगवंत पत्रकार सुबोध सिन्हा की याद में पौधरोपन

इटकी (आजाद सिपाही)। पेंशनर समाज व शांति समिति के तत्वधान में थाना परिसर में गुरुवार को दिगवंत पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा की याद में एक स्मृति पौंधा लगाकर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर जिप सदस्य रीणा देवी, प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज आलम, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, विजय कुशवाहा, मुखिया रमेश महली आदि मौजूद थे।

झामुमो नेता ने मुख्यमंत्री व मंत्री से मिलकर पलामू की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया

झारखंड सरकार पर बढ़ा पलामू की जनता का विश्वास : देवेंद्र तिवारी

पलामू में बढ़ते अपराध से मुख्यमंत्री को अवगत कराया
आजाद सिपाही संवाददाता

पलामू की समस्याओं को लेकर सीएम से मुलाकात करते देवेंद्र तिवारी व अन्य।

मेदिनीनगर। विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गयी है। ऐसे में दूसरी बार अल्पकाल के लिए मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन से मिलना जितना मुश्किल है उससे ज्यादा आसान जनता की समस्याओं का निराकरण कराना है। क्योंकि संवेदनशील मुद्दों पर झारखंडी जननायक हेमंत सोरेन गंभीरता दिखा रहे हैं। झारखंड सरकार में पलामू के सेवादार झामुमो नेता दीपक तिवारी एवं पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य देवेंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर जिले की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। तिसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर हेमंत सोरेन को पुष्पगुच्छ देकर बधाई भी दी। वहीं लगातार तीसरी बार मंत्री पद की शपथ लेने पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर को विकास का नया रंग गढ़ने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। दीपक तिवारी ने कहा कि झारखंडी अस्मिता को बचाने की लड़ाई लड़ने वालों में हेमंत सोरेन का नाम अग्रणी है। उनका मुख्यमंत्री बने रहना झारखंड व यहां की जनता के हित में है। इस दौरान ज्ञापन सौंप कर पलामू में कुछ महीने से बेलगाम हुई अपराधिक घटनाओं पर ध्यानाकृष्ट कराया। साथ ही बताया कि पुलिसिया जांच, अनुसंधान में जनता को जद्दोजहद करना पड़ रहा है, जिससे लोकप्रिय जनता की सरकार की छवि खराब हो रही है। पलामू में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कानून को सख्ती से काम करना पड़ेगा। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री से विमर्श कर मामलों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने का भरोसा दिया। साथ ही अनुसुचित जाति छात्रावास के छत से पानी टपकने, फेज टू पाइपलाइन, लॉ एंड ऑर्डर को दुरूस्त करने पर आवश्यक कदम उठाने की बात कही। वहीं पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य सह राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने भगवान परशुराम का आशीर्वाद रूपी कुशल नेतृत्व खुशहाल झारखंड की जीवंत झांकियों से भरी यादगार तस्वीर मुख्यमंत्री को भेंट की। लगे हाथ आगामी विधानसभा में जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। बताया कि पलामू जिला शुरू से सरकारी उपेक्षा का दंश झेलता आया है। अब पलामू की जनता का झारखंड सरकार पर विश्वास बढ़ा है। हेमंत सोरेन सरकार में हो रही नियुक्ति से उम्मीदें बढ़ी है। भाजपा के सांसद विधायकों से मोह भंग हुआ है। हेमंत सरकार के जनोपयोगी कार्य से पलामू में जनाधार बढ़ा है। इस मौके पर झामुमो नेता परवेज अख्तर मौजूद भी थे।

पौधों की हिफाजत से पर्यावरण एवं प्रकृति का होगा संरक्षणः डॉ कौशल

पर्यावरणविद ने दो पुलिस कप्तान के साथ किया पौधारोपण
आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पुलिस कप्तान के आवासीय परिसर में गुरुवार को रुद्राभिषेक व पूजा अर्चना का समापन हुआ। इस अवसर पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन व उनके पति सह लातेहार जिले के पुलिस कप्तान अंजनी आजन के साथ संयुक्तरूप से पौधारोपण किया। पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन और अंजनी आंजन ने डॉ कौशल किशोर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पौधरोपण और उसकी सुरक्षा सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान से ही बढ़ते तापमान पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वहीं, पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि जिस तरह पुलिस समाज के हर वर्ग के लोगों को सुरक्षित रखने के लिए दिन-रात निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है। ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए भी वे जीवन के हर महत्वपूर्ण मौके पर पौधे लगाकर उसकी देखभाल करें। पर्यावरणविद द्वारा इसके पहले भी एसपी आवास में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए जो आज विकसित होकर फल दे रहा है। इसके पहले एसपी अनुप टी मैथ्यू, मयूर पटेल, इंद्रजीत महथा, अजय लिंडा, चंदन कुमार सिन्हा के साथ आवासीय परिसर में सफेद चंदन, रुद्राक्ष, आम, अमरूद, कटहल, नीबू व आंवला के कई पौधे लगाए गए हैं। जो उचित देखभाल के कारण आवास परिसर में लहलहा रहा है। पुलिस कप्तान रिष्मा ने डॉ कौशल किशोर के कार्यों की सराहना करते हुए आवासीय परिसर के कुछ बचे हुए भूमि पर चीकू और रुद्राक्ष के पौधे लगाने का आग्रह किया। इस मौके पर रीडर रामाकांत झा, संजय ठाकुर, सुशील सिन्हा, गंगाधर मिश्रा, अविनाश जायसवाल और राजू कुमार आदि उपस्थित थे।

विद्यालय प्रबंधन समिति का अविलंब करें पुनर्गठन : बीइइओ रामनरेश राम

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अनुमंडल अंतर्गत हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज क्षेत्र के सभी कोटि के प्रभारी प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापक को क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम ने कार्यालय पत्रांक 139 के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति का पूनर्गठन करने का निर्देश दिया है। निर्देश में उन्होंने 26 व 27 जुलाई तक मुखिया, संकुल साधन सेवी, प्रखंड साधन सेवी की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति का पूनर्गठन कराना सुनिश्चित करने की बात कही है। साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि कोई भी प्रधानाध्यापक पुराने प्रबंधन समिति के साठगांठ में नहीं रहेंगे। यदि कार्यकाल तीन साल पूर्ण होने में बाकि है फिर भी नये सिरे से विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन निश्चित रूप से करावें। प्रधानाध्यापक अपने स्तर से एवं विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के माध्यम से अभिभावकों को सूचित करेंगे।

हुसैनाबाद कस्तूरबा की 110 छात्राओं की स्वास्थ्य जांच

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बरसात के मौसम को देखते हुए गुरुवार को छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गयी। स्वास्थ्य कर्मियों की मानें तो 110 छात्राओं की जांच की गई। अन्य सभी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच भी किया गया और आवश्यकता अनुसार आयरन की ब्लू टैबलेट, जो साप्ताहिक खानी होती है, उपलब्ध कराई गई। वहीं सीएचओ द्वारा हाथ धोने के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य जांच में रोशनी कमल मुच्चू, प्रियंका कुमारी और प्रीती रानी आदि मौजूद थीं। इस मौके पर वार्डेन सह शिक्षिका किरण कुमारी सिंह, दीपमाला कुमारी, शारदा भारती, आरजू खान, नीलम कुमारी, सुमन कुमारी, सोनी कुमारी, मीना देवी और गार्ड सुनील पासवान आदि मौजूद थे।

भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से होती है हर मनोकामना पूरीः डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

विश्रामपुर नप मुख्यालय से 26 कांवरियों का दल बाइक से देवघर रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद 26 कांवड़ियों का पहला जत्था गुरुवार को बाइक से बाबानगरी देवघर के लिये रवाना हुआ। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने जत्थे को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया।। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र महीने में बाबा भोलेनाथ की पूजा से हर मनोकामना पूरी होती है। भगवान भोले से क्षेत्र में अमन-शांति व हरियाली-खुशहाली का आशीर्वाद मांगेंगे। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अपने निजी खर्च से सभी के बाइक में फूल टंकी पेट्रोल डलवाया। साथ ही अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी ने अपनी ओर से झंडा की व्यवस्था की। सिंकू चंद्रवंशी ने पानी बोतल व फल का वितरण किया। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, समाजसेवी विजय कुमार रवि, महामंत्री मनीष कुमार, संजय ठाकुर, इदरीश हवारी, इसरार हवारी, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता आदि मौजूद थे। वहीं, कांवरियों के जत्थे में शामिल युवाओं ने बताया कि इसबार बाइक से सभी लोग बोधगया, सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ होते हुए राजगीर के बाद इस बार दार्जीलिंग, असम के सिद्धपीठ कमाख्या मंदिर तक कि यात्रा तय करेंगे। बाबाधाम जाने वालों में कौशल किशोर चंद्रवंशी, शिव सोनी, राजेश मार्शल, जितेंद्र चौधरी, मनोज चंद्रवंशी पिंटू, धर्मेंद्र गोस्वामी, जोगिंद्र यादव, अखिलेश चंद्रवंशी, पप्पू कुमार गुप्ता, नीरज पासवान, राकेश ठाकुर, नागेंद्र कुमार, सुभाष कुमार, संजीत चंद्रवंशी, रविरंजन विश्वकर्मा, प्रदीप चंद्रवंशी, मनीष कुमार, अशोक कुमार, विक्की सोनि, पंकज शर्मा आदि शामिल है।

छह सूत्री मांगों को लेकर झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन ने निकाला मशाल जुलूस

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकल बॉडीज इंपालाईज फेडरेशन की स्थानीय इकाई की ओर से छह सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को विश्रामपुर में मशाल जुलूस निकाला गया। जिसकी शुरूआत गांधी चौक से हुई। नगर भ्रमण के बाद जुलूस बस स्टैंड के पास समाप्त हुआ। जिसमें शामिल फेडरेसन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विश्रामपुर अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि अगले पांच दिनों तक लगातार शाम को सभी निकाय क्षेत्र में मशाल जुलूस निकलेगा। इसके बाद छह अगस्त को सत्ताधारी विधायको के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 12 अगस्त को मुख्यमंत्री के समक्ष राज्यस्तरीय धरना प्रदर्शन होगा। इसके बाद भी हमारी मांगे नहीं मानी गई तो आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगा। फेडरेशन की मांगों में निकाय में कार्यरत दैनिक व संविदाकर्मियों की सेवा नियमित करने, सेवानिवृत कर्मियों को सरकारी कोष से सेवानिवृति लाभ देने, निकाय में उच्चतर पदों पर निकाय कर्मियों को पदोन्नति, आउट सोर्सिंग मजदूरों का मजदूरी भुगतान सरकारी स्तर से करने आदि शामिल है। जुलूस में रमेश कुमार, दीपक कुमार, मुबारक अंसारी, सुमित कुमार, राजेश प्रसाद, नीरज कुमार, सुबोध केशरी, रवि कुमार, अमित कुमार, अनिल राम, अल्ताफ अंसारी, पिंटू कुमार, छोटू कुमार और अरुण राम आदि शामिल थे।

युवक की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी थाना क्षेत्र के बिजली ऑफिस के निकट सुखलाल राम के पुत्र अजय चंद्रवंशी (35) की बुधवार की रात अज्ञात लोगों ने गला रेत कर हत्या कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही पांकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल अस्पताल भेज दिया। साथ ही जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक पांकी कपूरी चौक पर ठेला लगाकर नाश्ता बेचने का काम करता था।

संविदा निकाय कर्मियों के समर्थन में उतरा बीजेएमसी

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता मजदूर सेल ने संविदा निकाय कर्मियों के मांगों का समर्थन किया है। बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने संविदा निकाय कर्मियों के आंदोलन में भी शामिल होने की घोषणा की। बताते चलें कि छह सूत्री मांगों के समर्थन में निकाय के संविदा कर्मी चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। विश्रामपुर निकाय के संविदा कर्मियों ने गुरुवार को मशाल जुलूस निकाला था, जिसमें ऋतुराज मिश्रा अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि निकाय में संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों की मांग जायज है। राज्य सरकार उनकी मांगों को जल्द से जल्द मांग ले। वर्ना आंदोलन को और व्यापक स्तर पर छेड़ा जायेगा।

माओवादी बंदी का हरिहरगंज व पीपरा में दिखा व्यापक असर

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के हरिहरगंज और पीपरा प्रखण्ड में गुरुवार को भाकपा माओवादी का एकदिवसीय बंदी का व्यापक असर दिखा। इस दौरान क्रेशर प्लांट, पेट्रोल पंप, सरकारी व गैरसाकरी विद्यालय, ग्रामीण शहरी क्षेत्र के लगभग सारी दुकानें बंद रही। हालाकि एनएच 139 पर लंबी दूरी के मालवाहक भारी वाहनों, हाइवा का परिचालन अन्य दिनों की अपेक्षा थोड़ी कम रही। लेकिन लोकल सवारी गाड़ियों,ऑटो का परिचालन सामान्य रहा। जिससे यात्रियों ने काफी राहत महसूस किया। वहीं पुलिस लगातार दश्त करती रही।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)

Short e-tender Notice

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/06/2024-25 **Date:-** 22.07.2024

01.	Name of work	Construction of deep bore well with solar panel Solar Pump and Pump Room.
02.	No Of Unit	15
03.	Estimated Value of work(IN Rs)	1,87,90,500.00
04.	Earnest Money (IN Rs)	3,76,000.00
05.	B.O.Q. Cost (IN Rs)	10,000.00
06.	Time of Completion	06 Months
07.	Date Of Publication on Website	29.07.2024 AT 11:00 AM
08.	Last Date & Time of Submission of bids	10.08.2024 Up to 05:00 PM
09.	Name & Address of Office Inviting Tender	State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003
10.	Contact No of Procurement Officer	7979760612, 7250895727

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 29.07.2024 at 11:00 AM to 10.08.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 10.08.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be Opened at 05:00 PM on 12.08.2024
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 330698 (Co-opretive) 24-25 (D)

राजद नेता ने की एनएच 139 पर बने गड्ढों की मरम्मत की मांग

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने शहर के एनएच 139 मुख्य मार्ग पर उबड़ खाबड़ रास्तों व गड्ढों की मरम्मती कराने की मांग की है। बताया कि रश्केल तेंदुआ एनएच 139 से बिहार सिमान तक मेदिनीनगर औरंगाबाद मुख्य मार्ग जर्जर हो गया है। उबड़ खाबड़ से कभी भी बड़ी घटना हो सकता है। इस संबंध में राजद नेता ने बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया से मुलाकात कर मरम्मती कराने की मांग की है।

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Municipal Corporation, Hazaribag

e- Procurement
Short Notice Inviting Tender

Reference No. - UDD/HMC/HZB/10/2024-25 **Head :- Urban Transport**

1. Detail of work

Group No.	Name of work	Estimated Cost (Rs.)	Earnest Money	Cost of BOQ	Completion period for construction
1.	CONSTRUCTION OF B.T. ROAD IN HARI OM PATH CANARY HILL ROAD IN WARD NO 05 UNDER MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAG	13,69,300/-	28,000/-	5,900/-	60 Days
2.	Date of Publication of Tender on website	**25.07.2024 at 11:00 A.M.**			
3.	Last Date/Time of receipt of bids online	**10.08.2024 up to 5:00 P.M.**			
4.	Bid Opening date	**12.08.2024 at 11:00 A.M.**			
6.	Name & Address of office inviting tender	Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag.			
7.	Contact No. of Procurement officer	8219204356			

NOTE :

- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 330709 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)

स्पोर्ट्स

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज टीम 1983 पॉइंट्स के साथ क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी।

पेरिस ओलिंपिक 2024 : अंकिता की सीजन में बेस्ट परफॉर्मेंस

भारतीय महिला तीरंदाजी टीम क्वार्टरफाइनल में

पेरिस (एजेंसी)। पेरिस ओलिंपिक में गुरुवार को महिला तीरंदाजी के रैंकिंग राउंड की शुरूआत हो चुकी है। भारतीय टीम इस राउंड में चौथे नंबर पर रही। उसने 1983 पॉइंट्स हासिल किए। टीम सीधे क्वार्टरफाइनल पहुंची है। इस राउंड में कोरिया ने ओलिंपिक रिकॉर्ड तोड़ा और 2046 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर रही। जबकि चीन (1996) दूसरे और मैक्सिको (1986 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रही। उधर, महिला तीरंदाजी रैंकिंग राउंड में भारत की तीन तीरंदाज दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और भजन कौर मैदान पर उतरीं। अंकिता 666 के अपने सीजन बेस्ट स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहीं, जबकि भजन 659 के स्कोर के साथ 22वें और दीपिका 658 के स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहीं। कोरिया की सिहयोन 694 के स्कोर के साथ पहले और सुहयोन नाम 688 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। चीन की जियाओलेई यांग 673 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर

रहीं। शाम 5.45 बजे से पुरुषों के रैंकिंग राउंड की शुरूआत हुई। सिहयोन ने 694 का स्कोर बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। इससे पहले महिलाओं के लिए क्वालिफाइंग का विश्व रिकॉर्ड 692 (कांग चाए-यंग) था। पुरुषों के लिए क्वालिफाइंग का विश्व रिकॉर्ड 702 (यूएसए के ब्रैडी एलिसन) है। इस क्वालिफिकेशन राउंड या रैंकिंग राउंड के स्कोर का उपयोग महिलाओं और पुरुषों के व्यक्तिगत इवेंट में राउंड ऑफ-64 से शुरू होने वाले सीधे नॉकआउट राउंड से पहले प्रत्येक तीरंदाज को वरीयता देने के लिए किया जाता है। इसका मतलब यह है कि सबसे अधिक अंक (720 में से) वाला तीरंदाज पहले स्थान पर रहेगा और पहले नॉकआउट दौर यानी राउंड ऑफ-64 में सबसे कम अंक वाले तीरंदाज का सामना करेगा। यानी इस राउंड में पहले स्थान पर रहने वाली तीरंदाज का सामना 64वें नंबर पर रहने वाली तीरंदाज से होगा, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली एथलीट का सामना 63वें रैंक पर रहने वाली तीरंदाज से होगा। व्यक्तिगत इवेंट नॉकआउट राउंड 30 जुलाई (मंगलवार) को शुरू होंगे, जबकि टीम इवेंट नॉकआउट 28 जुलाई को शुरू होंगे। इतना ही नहीं भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने टीम इवेंट के लिए सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पुरुष और महिला टीम प्रतियोगिताओं के लिए, रैंकिंग राउंड से शीर्ष चार वरीयता प्राप्त टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। शेष चार क्वार्टरफाइनल स्थानों के लिए आठवीं से 12वीं वरीयता प्राप्त टीमें एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसके अलावा मिक्स्ड टीम भी तय होगी। रैंकिंग राउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के लिए योग्यता भी निर्धारित करेगा, जिसमें केवल शीर्ष 16 जोड़ियां ही जगह बनाएंगी। कम से कम एक पुरुष तीरंदाज और एक महिला तीरंदाज को मैदान में उतारने वाले प्रत्येक देश के लिए, रैंकिंग राउंड से शीर्ष पुरुषों के स्कोर और शीर्ष महिलाओं के स्कोर को मिलाकर टीम की वरीयता निर्धारित की जाती है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in
11

उठायी मांग : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले गोमिया विधायक

बेरमो को जिला बनाने पर शीघ्र निर्णय लें सीएम: लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर बेरमो (तेनुघाट मुख्यालय) अनुमंडल को जिला बनाने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि बेरमो (तेनुघाट मुख्यालय) झारखंड राज्य का सबसे समृद्ध खनिज संपदाओं से परिपूर्ण व अभिभाजित बिहार में 1972 ईस्वी में बनने वाला सबसे पुराना अनुमंडल है। बेरमो को जिला बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। पर कतिपय कारणों से अब तक इसे जिला का दर्जा नहीं मिल पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से भी अवगत कराया कि बेरमो अनुमंडल का सृजन आज से 50 वर्ष पूर्व 6 दिसंबर 1972 को अभिवाजित बिहार के समय किया गया था। जिसकी आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार 11,07,672 है, जो मौजूदा समय में करीब 15 लाख है। बेरमो अनुमंडल में 14 थाना, चार ओपी व सात प्रखंड क्रमशः पेटरवार, कसमार, जरीडीह, बेरमो, गोमिया, नावाडीह व चंद्रपुरा है। यह अनुमंडल सबसे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र सौंपते गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो।

समृद्ध व खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है। यहां चार विद्युत उत्पादन उत्पादक केंद्र (थर्मल पावर स्टेशन) क्रमशः टीपीपीएस, सीटीपीएस, बीटीपीएस व कैप्टिव पावर प्लांट है। सीसीएल के तीन क्षेत्र क्रमशः कथारा, करगली व ढोरी है, जहां दर्जनों परियोजनाएं विद्यमान है। सीसीएल के दर्जनों कोलियारियों से प्रतिवर्ष करोड़ों टन कोयला का उत्पादन होता है। जिसका लाभ सीधा राज्य सरकार व केंद्र सरकार को मिलता है। इसके अतिरिक्त सीसीएल व बीसीसीएल की चार कोल वाशरी क्रमशः स्वांग, कथारा, करगली व दुग्दा कार्यरत है। अभी एक और कॉल वाशरी निमार्णाधीन है। एशिया महादेश का सबसे पहला बारूद का कारखाना बेरमो अनुमंडल के गोमिया में अवस्थित है। डीवीसी व बीसीसीएल के कई कोलियारियां भी इस अनुमंडल में अवस्थित है। दो भारतीय जीवन बीमा की शाखाएं व दर्जनों सरकारी और अर्ध सरकारी बैंक भी अवस्थित है। झारखंड सरकार को प्रतिवर्ष 27 करोड़ रुपए का राजस्व देने वाला एशिया महादेश का सबसे बड़ा अर्थन (मिट्टी का) डैम तेनुघाट में स्थित है। इसके अतिरिक्त कोनार डैम भी है। तेनुघाट डैम से पन बिजली तैयार करने की परियोजना लगभग बनकर तैयार है। जबकि कोनार डैम में पन बिजली उत्पादन करने की प्रक्रिया अभी लंबित है। कह कहते हैं कि पूरे झारखंड राज्य को विद्युत के मामले में अग्रणी यह अनुमंडल है। यहां 5 डिग्री कॉलेज, 09 इंटर कॉलेज, एक जवाहर नवोदय विद्यालय, डीएवी विद्यालय के साथ स्कूल, 20 उच्च विद्यालय, सिंचाई विभाग का आंचल व प्रमंडल कार्यालय, वाणिज्य कर विभाग का कार्यालय भी कार्यरत है, जो जिला बनाने में काफी कारगर सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में कई ऐसे जिले हैं, जो बेरमो (तेनुघाट) अनुमंडल के निर्माण एवं आबादी के आंकड़े में पीछे हैं फिर भी उसे जिला बनाया गया है। बेरमो (तेनुघाट) अपने आप में जिला बनने की सभी अर्हताएं पूरी करता है। बेरमो अनुमंडल का अधिकांश भाग उग्रवाद से प्रभावित है, जो जिला मुख्यालय से सुदूर है। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक डॉ लंबोदर महतो की बातों व मांगों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद इस विषय पर समुचित कदम उठाने को लेकर आश्वस्त किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिशन मोड पर चाहते हैं समस्याओं का हल : केंद्रीय कोयला मंत्री

अग्नि प्रभावितों से मिले धनबाद पहुंचे मंत्री जी किशन रेड्डी

सांसद ढुल्लू महतो को देख विस्थापितों ने किया जम कर हंगामा

- बीसीसीएल की परियोजनाओं का किया दौरा
- बरवाअड्डा हवाई पट्टी पर केंद्रीय मंत्री को दिया गया गॉर्ड ऑफ ऑनर

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद/कतरास। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी गुरुवार को धनबाद पहुंचे। बरवाअड्डा हवाई पट्टी पर उनके हेलिकॉप्टर की लैंडिंग हुई, जहां कोल इंडिया के चेयरमैन और बीसीसीएल सीएमडी समेत सभी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। हवाईअड्डा पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। एयरपोर्ट से कोयला मंत्री का काफिला कोयला नगर स्थित शहीद चौक के लिए रवाना हुआ, जहां उन्होंने शहीद श्रमवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कोयला मंत्री अधिकारियों के साथ रवाना हो गए। उन्होंने बीसीसीएल की परियोजनाओं का दौरा किया। साथ ही अग्नि प्रभावित और भूधंसान क्षेत्र में रह रहे लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जाना। केंद्रीय कोयला मंत्री सबसे पहले सिजुआ पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कुसुंडा झरिया की परियोजना का दौरा किये। झरिया अग्नि प्रभावित क्षेत्र से विस्थापित होकर कई लोगों को बेलगड़िया टाउनशिप में बसाया गया है। बेलगड़िया में बसे लोगों से भी केंद्रीय कोयला मंत्री मिले और उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद बीसीसीएल की

सभी लोगों के साथ न्याय करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी : जी किशन रेड्डी

केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने धनबाद जिले के बीसीसीएल एरिया-5 के बांसजोड़ा अग्नि प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने अग्नि प्रभावित क्षेत्र को मैप से देखा और इसकी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विस्थापन मामले में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर वे झरिया आए हैं। केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि मैं भी एक किसान का बेटा हूं। जिस समस्या से आप लोग जूझ रहे हैं यह भारत की 100 साल पुरानी समस्या है। कोयला जमीन के अंदर में जलते रहते हैं। गरीब लोग उसके ऊपर में बसे हुए हैं और जिंदगी गुजारते रहते हैं। अग्नि प्रवाहित क्षेत्र से निकलने वाली गैस से बीमार होते रहते हैं। यह समस्या अंग्रेजों के जमाने से होते आ रही है, लेकिन आज मिशन मोड पर प्रधानमंत्री इस समस्या को हल करने के लिए आगे बढ़े हैं। इसीलिए उन्होंने मुझे भेजा है। मैं सभी लोगों से ज्ञापन ले रहा हूं और सभी अधिकारियों से बैठकर बात करूंगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी लोगों के साथ न्याय करना हमारी जिम्मेवारी है। इस जिम्मेदारी को हम बखूबी निभाएंगे। आपकी इस समस्या को सरकार दूर करेगी और आपके आने वाली पीढ़ी के लिए और आपके बच्चों को समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए सरकार एक एक्शन प्लान लाने का काम करने वाली है।

कोयला नगर स्थित पंचवटी इको पार्क का उद्घाटन किया। साथ ही पौधरोपण भी किया। कोयला मंत्री के इस इको पार्क में पौधा रोपण के साथ ही कोल इंडिया की सभी इकाईयों में 300 स्थानों पर आज से पौधा रोपण का कार्य शुरू हुआ। देश में कोकिंग कोल की बढ़ती मांग के मद्देनजर बीसीसीएल पर विशेष फोकस है। इसके लिए बीसीसीएल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। बतातें चलें कि कैबिनेट के एजेंडे में झरिया पुनर्वास योजना शामिल है। एक बड़ी आबादी अग्नि प्रभावित और भूधंसान क्षेत्र में रहती है। विस्थापन और पुनार्वास कोयलांचल के लिए एक प्रमुख मुद्दा भी है। मीडिया से बातचीत के दौरान कोयला मंत्री ने कहा कि मैं यहां के लोगों से मिलने आया हूं। उनकी समस्याओं को जानने के लिए पहुंचा हूं। गौरतलब हो कि झारखंड में विधानसभा चुनाव भी नजदीक है। ऐसे में कोयला मंत्री का धनबाद आना और अग्नि प्रभावित और भूधंसान क्षेत्र में बसे लोगों से मुलाकात को चुनाव से जोड़कर कई मायने भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में संभावना है कि विधानसभा चुनाव से पहले झरिया पुनार्वास योजना को मंजूरी मिल जाए।

ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी और सांसद ढुल्लू महतो को देखते ही विस्थापितों ने काफी हंगामा कर दिया। ढुल्लू महतो पर गुंडे रखने का आरोप लगाया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को समझा-बुझा कर शांत कराया गया। इस दौरान धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, कोल सचिव अमृतलाल मीणा, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, डीसी माधवी मिश्रा, बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता, सिटी एसपी अजित कुमार, डीएसपी, बीसीसीएल जीएम और वरीय बीसीसीएल अधिकारी मौजूद थे।

बिरसा मुंडा तेनुघाट मेगा लिफ्ट इरीगेशन योजना को शीघ्र मिले मंजूरी : लंबोदर महतो

जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन से मिले गोमिया विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन से बिरसा मुंडा मेगा लिफ्ट ईरीगेशन तेनुघाट योजना की स्वीकृति देने का आग्रह किया है। उन्होंने यह आग्रह राजधानी रांची में जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन से सचिवालय में मिलकर किया। उन्होंने इस बात से अवगत कराया की गोमिया विधानसभा क्षेत्र के



पेटरवार प्रखंड अंतर्गत तेनुघाट में बांध प्रमंडल तेनुघाट द्वारा तेनुघाट डैम से पेटरवार, कसमार और गोमिया प्रखंड के कई गांव में हजारों किसानों के सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बिरसा मुंडा मेगा लिफ्ट ईरीगेशन तेनुघाट योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया विभाग में लंबित है। इस कारण किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल संसाधन मंत्री से बिरसा मुंडा तेनुघाट मेगा लिफ्ट ईरीगेशन योजना की प्रशासनिक स्वीकृति देने की दिशा में शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। इस पर जल संसाधन मंत्री ने विधायक डॉ लंबोदर महतो को समुचित कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त किया।

प्रबंध प्रशिक्षुओं ने बोकारो इस्पात संयंत्र में दिया योगदान

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट में 25 प्रबंध प्रशिक्षुओं ने गुरुवार को अपना योगदान दिया। इन प्रशिक्षुओं का तीन सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में शुरू किया गया।

प्रबंध प्रशिक्षुओं के लोकल इंडक्शन कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद और अधिशाषी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) मनीष जलोटा ने अपने स्वागत अभिभाषण में प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और बोकारो स्टील प्लांट में स्वागत किया। इस अवसर पर राजन प्रसाद ने प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट निरंतर नई उचाइयों को छू रहा है जिसमें आप लोगों की भूमिका भी अपेक्षित है। कहा कि आपको सुरक्षा के साथ ही पर्यावरण की दृष्टिकोण से जीरो कार्बन इमीशन स्टील बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम का संचालन कनीय अधिकारी (ज्ञानर्जन एवं विकास) एसएन मिश्रा ने किया।

आजसू बुद्धिजीवी मंच के महासचिव हिमांशु महतो का निधन, क्षेत्र में शोक

बोकारो (आजाद सिपाही)। आजसू बुद्धिजीवी मंच के महासचिव, शिक्षाविद, समाजसेवी, पूर्व प्राधाध्यापक हिमांशु महतो का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने झारखंड समेत बंगाल के बहुत से विद्यालयों को स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, उर्दू, भूगोल, कुदमाली, खोरठा, इतिहास समेत सात भाषाओं में एमए की पढ़ाई की थी। उनके निधन पर आजसू केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिदीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री उमकान्त रजक, काशीनाथ सिंह, जिला

अध्यक्ष सचिन महतो, नरेंद्र महतो, अरुण महतो, वासुदेव लाहिरी और रणजीत बर्नवाल आदि ने द दुःख प्रकट किया है।

जगदीश बाबला अध्यक्ष व मनबोध मिश्रा बने सचिव

बोकारो (आजाद सिपाही)। कलाकार संघ की बैठक गुरुवार को चास के एसएस वाटिका चीरा में हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही सर्वसम्मति से बोकारो कलाकार संघ की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें जगदीश बाबला अध्यक्ष, रंजू सिंह उपाध्यक्ष, मनबोध मिश्रा सचिव, अशोक बाबला उपसचिव, अरुण कुमार कोषाध्यक्ष, मृत्युंजय भट्टाचार्यजी उपकोषाध्यक्ष, अरुण पाठक मीडिया प्रभारी और शशि कांत शर्मा को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का दायित्व मिला है। इसके अलावे प्रतिनिधि मंडल सदस्य के रूप में बिधान दत्ता, अशोक बाबला, शशिकांत शर्मा, कन्हैया वर्मा, मृत्युंजय भट्टाचार्यजी, राजेश कुमार, राजेश चौधरी, शंकर प्रसाद, संजीव सिंह, कस्तूरी सिन्हा और मनोज उपाध्याय उर्फ सुमन का मनोनयन किया गया है। संगठन के अध्यक्ष जगदीश बाबला ने कहा कि बोकारो कलाकार संघ से अधिक से अधिक कलाकार जुड़ें इसके लिए प्रयास किया जायेगा। वहीं, सचिव मनबोध मिश्रा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य कलाकारों के हितों की रक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों से बोकारो की सांस्कृतिक गरिमा को बढ़ावा देना है।

कारगिल विजय दिवस पर भाजयुमो ने निकाला मशाल जूलूस

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। कारगिल विजय दिवस पर फुसरो बाजार के भुनेश्वर पेट्रोल पंप के समीप से भाजयुमो प्रदेश के निर्देश पर बोकारो जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार के नेतृत्व में गुरुवार की शाम मशाल जूलूस निकाला गया। जो विभिन्न रास्तों से होते हुए बेरमो प्रखंड कार्यालय स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचा। लोगों ने कारगिल शहीदों को स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनीष दूबे, जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय आदि उपस्थित थे।

संगठन की मजबूती के लिए ईमानदारी से कार्य करें पदाधिकारी : पूजा राय चौधरी

पार्टी की मजबूती व सरकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिला महिला कांग्रेस के कार्यकारणी की बैठक गुरुवार को जिला परिषदन में हुई। जिसमें धनबाद महिला कांग्रेस की पर्यवेक्षक पूजा राय चौधरी भी उपस्थित थी। इसके अलावा धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और बाबू अंसारी भी मौजूद थे। कार्यकारणी की बैठक से पूर्व महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने पर्यवेक्षक पूजा राय चौधरी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। साथ ही जिला व प्रखंड नगर अध्यक्षों से परिचय करवाया। वहीं, पूजा राय चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारी ईमानदारी से कार्य करें। कमेटी का गठन और विस्तार करने के साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के अलावा केंद्र की भाजपा सरकार की नाकामी को भी जनता के बीच ले जाएं। वहीं,

संतोष सिंह ने कहा कि आने वाले कुछ माह में विधानसभा चुनाव है। यह एक बड़ा अवसर होगा कि धनबाद के सभी सीटों पर गठबंधन की जीत हो। इसमें महिला कांग्रेस की भूमिका अहम होगी। कहा कि सीता राणा के सानिध्य में महिला कांग्रेस बेहतर कार्य कर रही है। आने वाले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं, सीता राणा ने कहा कि कार्यकारणी की बैठक संतोष जनक रही। पर्यवेक्षक पूजा राय चौधरी जी के दिशा निर्देश पर जिला कमेटी के साथ प्रखंड और नगर कमेटी को जो भी निर्देश मिला है। उस पर कार्य किया जायेगा। आने वाले विधानसभा में महिला कांग्रेस सभी छह सीटों पर बेहतर योगदान देगी। मौके पर मधु फिलिप्स, सुनीता निषाद, आमना खातून, रजनी देवी, पुनम देवी, प्रतिमा पांडेय, रिंकू कुमारी, देवती देवी, अजमेरी खातून, सरोजनी मुर्मू, जानकी देवी, रीना देवी, शाहिना बानो, खेरू निशा, राम दुलिन, हेमंती जयसवाल, सोनी सिंह, सुनीता कुमारी, बबिता शर्मा, रूबी खातून, शहजादी परवीन, बिंदु देवी, नूतन विश्वकर्मा और ज्योति प्रसाद आदि शामिल थी।

खिलाड़ी-प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर दिया जायेगा नगद पुरस्कार

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय, भारतीय ओलंपिक संघ में मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किए हो या भागीदारी की हो और विभागीय संकल्प में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अर्हता आधारित करते हो उनसे नगद पुरस्कार राशि के लिए विहित प्रपत्र में जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। विभागीय संकल्प के आधार पर राज्य के अहर्ताधारी खिलाड़ी, प्रशिक्षक, विहित प्रपत्र में नगद पुरस्कार राशि के लिए 6 अगस्त तक जिला खेल कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि है। इससे संबंधित अधिक जानकारी खेल निदेशालय के पोर्टल **स्पोर्ट्स.झारखंड.जीओवी.इन** से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यालय, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची

अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं0 – 01/2024–25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना के राज्यादेश सं0 05 रा0 (वि), दिनांक 13.06.2024 के आलोक में समेकित मत्स्य पालन अन्तर्गत (गाय पालन) हेतु आवश्यक पशुआहार एवं अन्य सामग्रियों के आपूर्ति आदि हेतु आपूर्तिकर्ताओं से निविदा पत्र आमंत्रित की जाती है। निविदा पत्र दिनांक 02.08.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न तक मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, राँची के कार्यालय में जमा की जा सकेगी। निविदा दिनांक 02.08.2024 को 12:30 बजे अपराह्न मे मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची के कार्यालय कक्ष में गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा की सभी शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट में किसी भी कार्य अवधि में देखी जा सकती है।

निविदा खोलने का स्थान : मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, राँची।
निविदा खोलने का समय : दिनांक 02.08.2024 को 12:30 बजे अपराह्न

ह0/–
मुख्य अनुदेशक
मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राँची।

PR.NO.330654 Ranchi(24-25):D

-: कार्यालय :-

प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

-: आवश्यक सूचना :-

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 22.08.2024 को निर्धारित की जाती है :–

क्र0 स0	अधिहरण वाद संख्या	वाद प्रारम्भ की तिथि	अभियुक्त का नाम	वाहन का प्रकार/वाहन संख्या	जप्त वन पदार्थ
01	09/2024	25.05.2024	विजय कुमार साहु	Truck Reg. No. JH-02BM-4267	कोयला लगभग 30 टन
02	11/2024	25.06.2024	रामनरेश प्रसाद साहु, प्रशांत कुमार	Tractor Reg. No. JH-19B-7841	पत्थर 50 CFT

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.08.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

PR 330644 Forest, Environment and Climate Changes (24-25)_D

मोहन माझी ने सरकार का पहला बजट पेश किया

मुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री मोहन माझी ने स्पीकर और डिप्टी स्पीकर से मुलाकात की और मौजूदा पूर्ण बजट पेश किया

सरकार का पहला बजट राशि 2 लाख 65 हजार करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री मोहन माझी नयी सरकार का पहला बजट पेश कर रहे हैं। बजट राशि 2 लाख 65 हजार करोड़ है। 2023-24 हिसाब से यह 15 फीसदी ज्यादा बजट। कार्यक्रम का बजट 1 लाख 55 हजार करोड़ है।

राज्य के वित्त विभाग के प्रभारी मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया। बजट भाषण की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित ओडिशा का निर्माण जरूरी है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2 लाख 65 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्तमान बजट राशि में 15% की वृद्धि की गयी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट 2 लाख 55 हजार करोड़ रुपये था।

सबसे पहले मुख्यमंत्री ने श्रीमंदिर के लिए 500 करोड़ के कॉर्पस फंड की घोषणा की और कहा, "महाप्रभु जगन्नाथ के बिना उड़िया जाति की कल्पना करना असंभव है." मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने कृषि और कृषि क्षेत्र के लिए 33 हजार 919 करोड़ रुपये का प्रस्ताव पेश किया है. यह राशि 2023-24 के बजट से 15% अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस बजट की राशि 24 हजार 829 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस बजट की राशि 24 हजार 829 करोड़ थी। मुख्यमंत्री ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए बजट पेश करते हुए कहा कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर अधिक धान खरीदा जायेगा, जो निर्धारित न्यूनतम सहायक मूल्य से 800 रुपये अधिक है।

वहीं मुख्यमंत्री ने बजट में राज्य के किसानों के लिए नयी योजना 'सीएम किसान' की घोषणा की है। इसके लिए 1,935 करोड़ रुपये का खर्च आवंटित किया गया है। इसी तरह, समृद्ध किसान योजना के लिए 5,000 करोड़ रुपये और श्रीअन्न योजना के लिए 649 करोड़ रुपये की घोषणा की गयी है। इसी तरह राज्य सरकार ने सुभद्रा योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। गोपबंधु जन आरोग्य योजना के लिए 3 हजार 56 करोड़ रुपये व्यय बजट। आयुष्मान भारत योजना के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

आज मुख्यमंत्री माझी जायेंगे दिल्ली और नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। नीति आयोग की बैठक शनिवार को नयी दिल्ली में होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे और इसमें विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी 26 को नयी दिल्ली जाने वाले हैं। बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करेंगे। अपने दौरे के मौके पर मुख्यमंत्री का कई केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलने का कार्यक्रम है।

लक्ष्मण सिंह ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की

पुलिस से लापता बच्चे की बरामदगी की गुहार लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

राजधनवार। धनवार प्रखंड के घोड़थंभा ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दक्षिणी डोरंडा के दासेडीह टोला से 9 जुलाई को प्रेम कुमार यादव पिता रंजीत यादव उम्र 14 वर्ष लापता है और जिसका पता अभी तक नहीं चल पाया है। गुरुवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के अगुवाई में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल उस पीडित परिवार से मुलाकात की और बच्चे के गुमशुदगी के बाबत पूरी जानकारी ली। श्री सिंह ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक गिरिडीह एवं घोड़थंभा ओपी प्रभारी से फोन पर बातचीत कर अति शीघ्र बच्चा की बरामदगी की गुहार लगायी। बताया कि पुलिस अधीक्षक ने यथा शीघ्र लापता बच्चा की बरामदगी का भरोसा दिया है। मौके पर भाजपा नेता राजू पांडेय,अजय मिस्त्री, संजय यादव, विजय सिंह, रंजीत यादव, अविनाश सिन्हा, उमेश यादव, बबलू पासवान, फुलदेव शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

पोलावरम परियोजना को लेकर विधानसभा में हंगामा

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। विधानसभा के चौथे दिन प्रश्नकाल सुचारु रूप से चलने के बाद शून्यकाल में विपक्ष ने हंगामा किया। सदन में विपक्षी विधायकों के भारी हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी है। कांग्रेस विधायक तारा बाहिनीपति ने पोलावरम परियोजना का मुद्दा उठाकर हंगामा किया। सदन में कांग्रेस विधायकों के नेता ने पोलावरम परियोजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा आंध्र को दी जा रही मदद पर चिंता जतायी। रामचंद्र काड़ाम का आरोप है कि इस परियोजना में ओडिशा के कई इलाके डूब जायेंगे। विधायक तारा बाहिनीपति ने पोलावरम परियोजना पर हाउस कमेटी बनाने की मांग की है। वाचस्पति ने पहले 15 मिनट और फिर शाम 4 बजे तक के लिए विधानसभा को स्थगित कर दी।

युवा, किसान, गरीब और महिलाओं के हितों पर विशेष ध्यान : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

धनवार (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि बजट में युवा, किसान, गरीब और महिलाओं के हितों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर में 11 लाख 11 हजार करोड तक बजट बढ़ाया गया है। मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख से बढ़ा कर 20 लाख किया जाना स्वागतयोग्य है। इसी प्रकार 1 करोड विद्यार्थियों के लिए 500 बड़ी-बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप का प्रोग्राम बेहतर परिणाम देनेवाला साबित होगा। मेडिकल फिल्ड में कैंसर की दवाओं पर टैक्स रिड्यूस किया जाना स्वागतयोग्य है। राज्य सरकारों के लिए केंद्र द्वारा 50 साल का टैक्स फ्री लोन उपलब्ध कराने का ऑफर दिया गया है।

हिंदुस्तान जिंक ने एशिया का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक इकोजेन किया लांच

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपना लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड इकोजेन लांच किया। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त यह कंपनी एशिया की पहली जिंक उत्पादक है, जिसने दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए अपनी तरह का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ऑफर किया है। इकोजेन को एक प्रसिद्ध वैश्विक स्थिरता परामर्श फर्म द्वारा जीवन चक्र मूल्यांकन, एलसीए के माध्यम से लो-कार्बन जिंक के रूप में प्रमाणित किया गया है और इसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित जिंक पर एक टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है। हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन और वेदांता समूह की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि, स्थिरता हमारे सभी व्यावसायिक निर्णयों के मूल में बनी हुई है। हिंदुस्तान जिंक का एसएंडपी इंडेक्स में नंबर 1 होना, एक स्थायी भविष्य के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इकोजेन का शुभारंभ 2050 तक नेट जीरो बनने की हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। ईएसजी के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित कर, वेदांता का हिंदुस्तान जिंक सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक सस्टेनेबल संचालन और उत्पाद बनाकर प्राकृतिक संसाधन उद्योग में क्रांति ला रहा है।

उत्पाद लांच के अवसर पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा, इकोजेन का लांच हमारे परिचालन को डीकाबोर्नाइज करने की हमारी यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों की सेवा भी करता है जो अपने द्वारा उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल की उत्पत्ति के बारे में जागरूक हैं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को डीकाबोर्नाइज करने का लक्ष्य रखते हैं।

कंपनी ने हाल ही में घोषणा की है कि उसे अपने 450 मेगावाट बिजली वितरण समझौते के तहत चैबीसों घंटे अक्षय ऊर्जा का पहला प्रवाह मिलना शुरू हो गया है। यह इसके मौजूदा 40.7 मेगावाट कैप्टिव सौर ऊर्जा के अतिरिक्त है। इन पहलों ने हिंदुस्तान जिंक को 2020 से वित्त वर्ष 24 में अपने जीएचजी (ग्रीनहाउस गैस) उत्सर्जन की तीव्रता को 14 प्रतिशत तक कम करने में मदद की है। हिंदुस्तान जिंक दुनिया में सबसे बड़े जिंक उत्पाद पोर्टफोलियो में से एक प्रदान करता है और उत्पाद नवाचार के लिए ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण पर केंद्रित है। कंपनी यूरोप, दक्षिण अमेरिका, ओशिनिया और मध्य पूर्व सहित 40 से अधिक देशों को आपूर्ति करती है।

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड विश्व की दूसरी सबसे बड़ी जिंक उत्पादक और वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। कंपनी 40 से अधिक देशों को आपूर्ति करती है और भारत में प्राथमिक जिंक बाजार में लगभग 75 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखती है। हिंदुस्तान जिंक एक प्रमाणित 2.41 गुना वाटर-पॉजिटिव कंपनी भी है और 2050 या उससे पहले नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। धातु और खनन उद्योग में एक विश्व नेता के रूप में, हिंदुस्तान जिंक एक स्थायी भविष्य के लिए वैश्विक ऊर्जा संक्रमण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण धातुएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण है।

आइएमएस और सम अस्पताल में विश्व आइवीएफ दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) आज के समाज में उन जोड़ों के लिए एक वरदान बन गया है जिनके बच्चे नहीं हैं। शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) की उपाध्यक्ष श्रीमती शाश्वती दास ने कहा कि आईवीएफ लाखों निःसंतान दंपत्तियों के लिए आशा की किरण बन गया है। 25 जुलाई को विश्व आईवीएफ दिवस के अवसर पर आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में श्रीमती दास मुख्य अतिथि थे और उन्होंने सम हॉस्पिटल के सेंटर फॉर ह्यूमन रिप्रोडक्शन के काम की सराहना की और सुरक्षित, किफायती और अधिक प्रभावी आईवीएफ उपचार पर जोर दिया।

श्रीमती दास ने कहा, विश्व आईवीएफ दिवस का जश्न न केवल प्रौद्योगिकी के बारे में है, बल्कि निःसंतान और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से पीड़ित जोड़ों को मनोवैज्ञानिक सहायता कैसे दी जा सकती है, इस बारे में जागरूकता पैदा करने के बारे में भी है।

डॉ. प्रतिभा प्रधान, संयुक्त निदेशक (बाल स्वास्थ्य), ओडिशा सरकार और पीसी और पीएनडीटी एक्ट और सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी और सरोगेसी के लिए राज्य नोडल अधिकारी इस अवसर पर सम्मानित अतिथि थीं और उन्होंने आईवीएफ से संबंधित राज्य सरकार की पहलों पर जानकारी दी।

सीएचआर की प्रमुख प्रो. (डॉ.) सुजाता प्रधान ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि कैसे सीएचआर ने न केवल राज्य या देश के बल्कि देश के बाहर के जोड़ों को भी बच्चे पैदा करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि विवाह में देरी, गर्भावस्था, तनाव और कार्यस्थल पर दबाव के कारण जोड़े बच्चे पैदा करने में देरी कर रहे हैं, जबकि कई जोड़े स्वेच्छा से आईवीएफ स्वीकार रहे हैं। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए आईएमएस और सम हॉस्पिटल के डीन प्रोफेसर (डॉ.) संघमित्रा मिश्र ने अपने भाषण में कहा कि 25 जुलाई 1978 को दुनिया की पहली आईवीएफ बेबी लुईस ब्राउन का जन्म हुआ था, आज ही के दिन आईवीएफ दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इसी तरह सम्मानित अतिथियों में से एक के रूप में चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ.) पुष्पराज सामंतसिंहार ने सीएचआर के कार्यों की जमकर सराहना की और इस विभाग के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आईवीएफ केंद्र की सुविधाएं पुलनखरा में आईएमएस और सम अस्पताल के दूसरे और तीसरे परिसर और ब्रह्मपुर के शीतलापल्ली में भी उपलब्ध करायी जा रही हैं।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अतुलनीय साहस और शौर्य का परिचय देने वाले भारतीय सेना के वीर जवानों को
कारगिल विजय दिवस
पर सलाम...
रंजन फौजी
जिला महामंत्री - भाजपा, रामगढ़

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X	₹	Class - IX	₹
• Hindi	140	• Hindi	140
• English	140	• English	140
• Mathematics	140	• Mathematics	140
• Science	140	• Science	140
• Social Science	140	• Social Science	140
• Sanskrit	120	• Sanskrit	120
• Hindi – B	140	• Hindi – B	80
• Hindi Vyakaran– II	120	• Hindi Vyakaran– II	120
• English Grammar– II	120	• English Grammar– II	120
• Sanskrit Vyakaran–II	100	• Sanskrit Vyakaran–II	100
• Hindi Practical	55	• Hindi Practical	55
• English Practical	55	• English Practical	55
• Maths. Practical	65	• Maths. Practical	55
• Science Practical	65	• Science Practical	70
• S. Science Practical	65	• S. Science Practical	65
• Sanskrit Practical	55	• Sanskrit Practical	55
• Maths. Practical (Combined)	90	• Maths. Practical (Combined)	75
• Science Practical (Combined)	90	• Science Practical (Combined)	75
English Medium		English Medium	
• Mathematics	200	• Mathematics	130
• Science	200	• Science	200
• Social Science	200	• Social Science	130
• Maths. Practical	80	• Maths. Practical	80
• Science Practical	80	• Science Practical	80
• S. Science Practical	80	• S. Science Practical	80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**